राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-134
लखनऊ, सोमवार 01 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


2024
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं


बेहतर व्यवस्था के साथ पर्याप्त रैन बसेरे संचालित कराएं निकाय अधिकारी : शर्मा 02

अक्षत कलश यात्रा की भव्य झांकी ने नगरवासियों का मन मोहा 05


## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसा : दो ट्रकों के बीच आई कार, तीन की मौत

**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले के रींगस थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कार दो ट्रकों के बीच में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक कैलाशचंद ने बताया कि जयपुर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिमारला जागीर मोड़ के पास एक ट्रक के अचानक घुम जाने के कारण उसके पीछे चल रही कार उससे जा टकराई। इसी दौरान कार के पीछे चल रहे ट्रक ने इसे टक्कर मार दी, जिससे कार दोनों ट्रकों के बीच में आ गई। कार सवार सभी छह लोग जयपुर से खाटूश्याम जी मंदिर जा रहे थे। कैलाशचंद ने बताया कि मृतकों की पहचान राहुल सिंह (30), भरतपुर निवासी अमित चौधरी (29) और बिहार निवासी लल्लन सिंह (27) के रूप में की गई है।

### दस्ताना फैक्ट्री में भीषण आग, छह श्रमिकों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर के वालुज औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार देर रात हाथ के दस्ताने बनाने वाली कंपनी की इकाई में भीषण आग लगने से छह श्रमिकों की मौत हो गई।

सूत्रों के मुताबिक फैक्ट्री में आग रात करीब सवा दो बजे लगी, जिसके कारण वहां सो रहे कुछ कर्मचारी जाग गए। गर्म भाप से उनकी नींद खुली और वे अपनी जान बचाने के लिए भागे। बंद फैक्ट्री परिसर में सो रहे श्रमिकों ने आग लगने की सूचना दी। कंपनी के निकास बिंदु पर आग लगने के कारण श्रमिकों को बाहर निकलने से रोक दिया गया, लेकिन कुछ लोग पेड़ का सहारा लेकर सुरक्षित निकलने सफल रहे। पंद्रह कर्मचारियों को हालांकि बचा लिया गया है।

पीएम मोदी ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 108वीं कड़ी में कहा

# आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है विकसित भारत

**भारत का नवोन्मेष केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं : मोदी**

एजेंसी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है तथा इस भावना एवं गति को 2024 में भी बनाए रखना है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

प्रसारण के दौरान ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और अभिनेता अक्षय कुमार ने बताया कि उनकी अच्छी सेहत का राज क्या है। मोदी ने कहा, ''आज भारत का कोना-कोना, आत्मविश्वास से भरा हुआ है। देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना और गति को बनाए रखना है।'' उन्होंने यह भी कहा कि भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि देश अब रुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा, ''जो देश नवोन्मेष को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में 81वें स्थान पर थे। आज हम 40वें स्थान पर हैं।'' प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 की सफलता सहित साल 2023 में विभिन्न क्षेत्रों में देश को हासिल हुई उपलब्धियों का उल्लेख किया और देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। दीपावली पर हुए 'रिकार्ड कारोबार' का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को महत्व दे रहा है। मोदी ने हाल में संपन्न काशी-तमिल संगमम का उल्लेख किया और कहा कि इस आयोजन के दौरान उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण 'भाषिणी' का पहली बार उपयोग किया। उन्होंने बताया कि इसकी सहायता से उनके भाषण को उसी समय तमिलनाडु के लोग तमिल में सुन पा रहे थे। मोदी ने कहा, ''वह दिन दूर नहीं जब किसी एक में संबोधन हुआ करेगा और जनता तत्क्षण उस भाषण को अपनी में सुन सकेगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की उपलब्धि हर भारतवासी की उपलब्धि है और उन्हें पंच-प्रणों का ध्यान रखते हुए भारत के विकास के लिए निरंतर जुटे रहना होगा।

### मातृभाषा में शिक्षा, एआई टूल्स से बदलेगा परिदृश्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियल टाइम ट्रांसलेशन एआई टूल्स को क्रांतिकारी बताते हुए कहा है कि नयी शिक्षा नीति में अपनी भाषा में शिक्षा देने से प्रतिभाएं उभर कर आएगी और शिक्षा में भाषायी दिक्कत का संकट खत्म हो जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि रियल टाइम ट्रांसलेशन और अपनी भाषा में बच्चों को शिक्षा देने के महत्व को समझाया और कहा कि आने वाली समय में इससे भाषायी दिक्कत खत्म होगी और बच्चे अपनी भाषा में शिक्षित होकर अपनी प्रतिभा का अनोखा प्रदर्शन कर सकेंगे और नई शिक्षा नीति इस दिशा में क्रांतिकारी साबित होगी। उन्होंने कहा, ऐसा ही फिल्मों के साथ भी होगा जब जनता सिनेमा हॉल में, एआई की मदद से रियल टाइम ट्रांसलेशन सुना करेगी। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जब ये टेक्नोलॉजी हमारे स्कूलों, हमारे अस्पतालों, हमारी अदालतों में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने लगेगी, तो कितना बड़ा परिवर्तन आएगा। मैं आज की युवा-पीढ़ी से आग्रह करूँगा कि रियल टाइम ट्रांसलेशन से जुड़े एआई टूल्स को और एक्सप्लोर करें, उन्हें 100 फीसदी फुल प्रूफ बनाएं।

### भारत ने 2023 में हासिल की नई उपलब्धियां

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ताकत के बल पर भारत ने इस वर्ष कई विशेष उपलब्धियां हासिल कीं जिनमें चंद्रयान-3 की सफलता और नारी शक्ति वंदन विधेयक का संसद से पारित होना शामिल है। मोदी ने फिल्म 'आरआरआर' के गीत नाटू-नाटू और लघु वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को ऑस्कर मिलने का जिक्र किया और कहा कि दुनिया ने इनके जरिए भारत की रचनात्मकता को देखा और पर्यावरण के साथ जुड़ाव को समझा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत विकसित होगा तो इसका सबसे अधिक लाभ युवाओं को होगा तथा यह तब और ज्यादा होगा जब वे स्वस्थ रहेंगे।

### तहरीक- ए-हुर्रियत गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त एक और संगठन 'तहरीक-ए-हुर्रियत' को गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है। यह जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैला रहा है और आतंकवादी गतिविधियां जारी रख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन की हरकतों को विफल कर दिया जाएगा। सरकार ने इससे पहले एक और आतंकवादी संगठन मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैर कानूनी संगठन घोषित किया था।

## मोदी रोको की रट लगाए हैं घमंडिया गठबंधन : जेपी नड्डा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को लखनऊ के बुद्धेश्वर मंदिर के निकट मां कृपा लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में विपक्षियों के गठबंधन पर जोरदार हमला करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन मोदी रोको –मोदी रोको की रट लगाये है। विपक्ष देश को पीछे खींचने वाली ताकत के रूप में काम कर रहा है।

आज देश को आगे ले जाने वालों और देश को पीछे की ओर खींचने वालों के बीच स्पर्धा चल रही है। जहां इंडी अलायंस मोदी रोको की रट लगाए है, वहीं हमारी स्पर्धा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को आगे ले जाएं। जिन लोगों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी, आज वो भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। जिन्होंने देश की जनता के साथ अपने शासन काल में अन्याय ही अन्याय किया, वो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जो परिवार से बाहर किसी की कल्पना नहीं करते थे, वो अचानक देश की बात कर रहे हैं। श्री नड्डा के कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर 15 नवंबर को झारखंड के रांची से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रारंभ किया था। यह यात्रा लगभग 2.5 लाख पंचायतों से और लगभग 3600 नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत से गुजरते हुए 25 जनवरी को समाप्त होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि देश का कोई भी लाभार्थी इससे वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार हर पंचायत, निगम, वार्ड में पहुंच कर आम जनमानस को यह याद कराने का प्रयास कर रही कि सरकार की सभी यह सुविधाएं व योजनाएं उनके लिए हैं।

### भारत में बढ़ रहे कोरोना के मामले, एक दिन में मिले संक्रमण के 841 नए केस

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। देश में बीते 24 घंटों कोविड-19 के 841 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे रविवार को कुल एक्टिव मामलों की संख्या 4,309 हो गई। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले देश में 19 मई को 865 नए मामले दर्ज किए गए थे। इन 24 घंटों में तीन मरीजों की मौत हुई है। इसमें एक मौत केरल, एक कर्नाटक और एक बिहार में हुई है। देश में जनवरी 2020 अब तक कोरोना वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,13,272 हो गई है। जबकि तीन नई मौतों के बाद कुल मरने वालों का आंकड़ा 5,33,361 हो गया है। इसके अलावा, देश में 28 दिसंबर तक कोविड-19 सब-वैरिएंट जेएन1 के कुल 145 मामले सामने आए हैं। यह मामले 21 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच एकत्र किए गए नमूनों में पाए गए। जेएन1 सब-वैरिएंट ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट से लिया गया है जिसे बीए.2.86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है। केरल इस मामले की रिपोर्ट करने वाला पहला राज्य है।







# सत्संग में संत रामपाल महाराज ने दहेज मुक्त समाज का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी ।** लखीमपुर शहर के रामवाटिका मैरिज लान में जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के सानिध्य में विशाल सत्संग, दहेज मुक्त विवाह, सकुशल सम्पन्न हुआ। सत्संग प्रवचन पवित्र गीता जी, पवित्र वेद, पवित्र पुराण, बाइबल, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित ज्ञान के आधार पर हुआ।



▶ विशाल सत्संग, दहेज मुक्त विवाह, सकुशल सम्पन्न, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोग

सत्संग में सन्त रामपाल जी महाराज ने बताया कि हम सभी कबीर परमात्मा की सन्तान है और हम सभी काल लोक में आने से पहले अपने पिता कबीर साहेब के साथ सतलोक में रहते थे जहां कोई दुख नहीं, सतलोक में जन्म और मरण नहीं, सतलोक में सिर्फ और सिर्फ सुख है सतलोक चलने के लिए शास्त्र अनुकूल साधना करनी चाहिए। सभी आत्मायें कबीर साहेब के पुत्र-पुत्री हैं लेकिन एक दूसरे की देखा-देखी में दहेज जैसी कुप्रथा का प्रचलन हो गया और बेटी पक्ष न चाहते हुये बेटी के जन्म के तुरन्त बाद दहेज़ देने के लिए धन जोड़ने लगते हैं या फिर गलत तरीके से धन कमाने लगते है दहेज की वजह से हजारों बेटियों को गर्भपात द्वारा मार दिया जाता है, जबकि विवाह संयोग से होता है हम सभी के कर्म कबीर परमेश्वर की भक्ति द्वारा समाप्त होंगें।

कबीर परमेश्वर ही सबका धारण-पोषण करते हैं। अब बेटा-बेटी व परिवार पूर्ण रूप से शास्त्र अनुकूल साधना करेगे तो उनके पापकर्म आपरूप ही कम होंगे और सुखी होगें।

### चार जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

रविवार को विशाल सत्संग हुआ जिसमें 4 जोड़ों का विवाह बिना बैन्ड वाजा, बिना ही घोड़ी, बिना कोई रीति-रिवाज, बिना दान दहेज के गुरुवाणी द्वारा सम्पन्न हुआ। अभिषेक दास पुत्र देवेन्द्र वर्मा संग शिवानी दासी पुत्री ओमकार, पिंकू दास पुत्र बनवासी सिह संग पूजा दासी पिता करतार सिंह, अनुज दास पुत्र हरिपाल दास संग अनुराधा पुत्री रमेश कुमार, अमित दास पुत्र अशरफी संग रीता पुत्री सुन्दर का विवाह सम्पन्न हुआ। चारों जोड़ों ने बताया कि हम सभी कई वर्षों से जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज से नाम दीक्षा लेकर भक्ति कर रहे हैं हम बहुत खुश हैं जो हमारा विवाह बिना दानदहेज के सन्त रामपाल जी के नियमों पर चलकर हुआ। हम व हमारे परिवार सन्त रामपाल जी द्वारा बताई भक्ति करके बहुत खुश हैं और सभी दुख समाप्त हो गये।

जिला कार्डीनेटर रवि कुमार वर्मा ने बताया कि लखीमपुर जिले के गाँव-गाँव से सन्त रामपाल जी के हजारों अनुयाईयों ने सत्संग मे भाग लिया। सन्त रामपाल जी द्वारा प्रदत्त साधना विधि से भक्ति करके लखीमपुर खीरी के हजारों परिवार दहेज लेन देन, नशा, चोरी, व्यभिचार, जाति-पाति, पाखण्डपात आदि को त्याग कर सुखमय जीवन जी रहे हैं।

# नियमों को ताक पर रखकर चल रहे तिपहिया वाहन, जाम का झाम बढ़ा

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नियम कानून को ताक पर रखकर तहसील मुख्यालय से विभिन्न मार्गों पर बड़ी संख्या में फर्राटा भर रहे तिपहिया वाहनों के चलते आवागमन बाधित हो रहा है वहीं दुर्घटना होने की संभावनाएं भी बढ़ रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में हैदरगढ़ से रायबरेली भिटरिया बछरावां सुबेहा लखनऊ सुल्तानपुर आदि कस्बा चौराहा के लिए ई रिक्शा सीएनजी से चलने वाले थ्री व्हीलर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। नगर के मुख्य चौराहे से हर रोड पर संचालित होने वाले तिपहिया वाहनों की वजह से आए दिन आवागमन बाधित होता है परमिट का उल्लंघन करते हुए इन वाहनों में सवारियां भूसे की तरह भरकर हैदरगढ़ से 16 किमी के दायरे की बजाय महाराजगंज बछरावां भिटरिया गोसाईंगंज जगदीशपुर सुबेहा शुकुल बाजार को जाने वाली सवारियों को लादकर फर्राटा भरते हुए नजर आते हैं। तहसील मुख्यालय से विभिन्न मार्गों पर सीएनजी डीजल व बैटरी से चलने वाले वाहन बहुतायत में फर्राटा भरते हुए नजर आते हैं लगभग चार सैकड़ा की संख्या में चलने वाले इन वाहनों में अधिकांश वाहन गैर जनपदों के शामिल रहते हैं।

## खबरें एक नजर में

### यूपी सांस्कृतिक लोकोत्सव व कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्याम कवि लोक कल्याण संस्थान, पिण्डी देवरिया उप्र द्वारा सेन्ट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दो दिवसीय उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक लोकोत्सव एवं कार्यशाला का आयोजन दिनांक 30 व 31 दिसम्बर को मोहन सिंह बिष्ट सभागार, उत्तराखण्ड महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर, लखनऊ में 20 दिवसीय कार्यशाला के उपरान्त आयोजित किया गया। लोकोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर अतिथि श्री नित्या नन्द शर्मा, पूर्व मंत्री उप्र सरकार, चन्द्र किशोर शर्मा, सैय्यद शादाब अहमद, वरिष्ठ पत्रकार, श्लोक शर्मा, मेजर ओमकार नाथ भट्ट, डा पुनीत शर्मा, भोपाल मध्य प्रदेश, दीवान सिंह अधिकारी, संयोजक उत्तराखण्ड महापरिषद, हरीशचन्द्र पंत अध्यक्ष उत्तराखण्ड महापरिषद एवं हरितिमा पंत द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान कर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि श्याम कवि लोक संस्थान द्वारा सांस्कृतिक लोकोत्सव के माध्यम से लोक संस्कृति का संरक्षण संवर्धन एवं विकास किया जा रहा है, उन्होंने कलाकारों के उज्जवल भविष्यक की कामना की। तदोपरान्त सांस्कृतिक लोक उत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गयी।

### गुलरिया चीनी मिल ने भेजा किसानों के खातों गन्ना भुगतान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर ग्रुप की गुलरिया चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2023-2024 के अंतर्गत 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक क्रय किए गए गन्ना मूल्य का भुगतान 11 करोड़ 94 लाख 82 हजार रुपए किसानों के संबंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक श्री योगेश कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में बताया गया कि गुलरिया चीनी मिल द्वारा अब तक 128 करोड़ 42 लाख 46 हजार रुपए किसानों के संबंध खाता में गन्ना मूल्य का भुगतान हो जाएगा। श्री योगेश कुमार सिंह मुख्य महाप्रबंधक द्वारा किसानों से यह अपील की गई है कि मिल को साफ ,छिला ताजा गन्ना की आपूर्ति करें।

### हादसे में बंदर की मौत, जनता दरबार ने कराया अंतिम संस्कार

**उचौलिया खीरी,समृद्धि न्यूज।** एनएच 30 लखनऊ दिल्ली हाईवे पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां इस हाइवे पर कई लोग हादसे में अपनी जान गंवा चुके हैं तो वहीं बेजुबान जानवरों की भी मौत हो चुकी है। जिसमे गौवंश व वानर शामिल है। हादसे मृत वानर के बाद उसके ऊपर से वाहन निकलने की वजह से वानर के शव के चिथड़े उड़ गए। इस बार बेजुबान बंदर की हादसे में मौत हो गई। हादसा शाहजहांपुर के गुर्री पुलिस चौंकी व लखीमपुर बॉर्डर क्षेत्र के उचौलिया थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बीते दिन सुबह एक वानर की मौत हो गई। जिसके बाद मृत वानर के शव को वहां मौजूद बन्दर बार-बार उसे उठाने की कोशिश करते दिखे। वही सूचना के बाद पहुंची जनता दरबार ने सर्वप्रथम तो वानर के शव को हाइवे से साइड करवाया। उसके बाद फावड़े की मदद से गड्ढा खोदकर वानर के शव को गड्ढे में दफनाकर शव का अंतिम संस्कार करवाया।

### आग लगने से नगदी सहित गृहस्थी का समान जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अडेरी का पुरवा मजरे मरूई गांव निवासी पवन कुमार शुक्ला 70 वर्ष अपनी पत्नी के साथ कच्चे छप्पर धन्नी युक्त मकान में निवास करते हैं शनिवार की रात बुजुर्ग दंपत्ति इसी मकान के अगले हिस्से में रहने वाले बड़े भाई के घर के बरामदे में अलाव ताप रहे थे कि तभी पड़ोसियों ने मकान से धुआ उठने की बात बताई। जब तक आग बुझाने के प्रयास किए जाते तब तक आग की लपटों ने मकान को अपने आगोश में ले लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस व दमकल कर्मियो ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटो चली कड़ी मशक्कत के बाद जब किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखे लगभग 12 हजार रुपए नगद अनाज गेहूं, धान, कपड़े व अन्य गृहस्थी समान जलकर राख हो गया। अग्निकांड में वृद्धि दम की गृहस्थी के साथ-साथ आशियाना तबाह हो जाने की सूचना ग्राम प्रधान महेश कुमार द्वारा हल्का लेखपाल को दी गई फिर भी रविवार की देर शाम तक हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर वृद्ध दंपति के हुए नुकसान की जानकारी लेने की कोई जहमत नहीं उठाई जिसके चलते ग्रामीणों में रोज है वही ग्राम प्रधान महेश कुमार द्वारा पीड़ित परिवार खाद्य सामग्री के साथ अन्य आज का सुमित सहायता उपलब्ध कराई है।

### सेवानिवृत्त छह पुलिसकर्मियों को माला पहनाकर दी विदाई



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 31 दिसंबर 2023 को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस ऑफिस खीरी में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारीगणों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की गई।सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियो के नाम उ0नि0 रामप्रकाश त्रिपाठी, उ0नि0 दिनेश कुमार,उ0नि0 लाल सिंह, फायर सर्विस चालक हुसैन हैदर,मु0आ0 विनोद दुबे, मु0आ0एल0आई0यू0 राजेश राय है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

▶ ट्रैक्टर-ट्राली समेत चार पहिया वाहन व अवैध असलहा कारतूस बरामद



समृद्धि न्यूज

**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व हुए ट्रैक्टर ट्रॉली लूटकांड का खुलासा करते हुए पांच लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया ट्रैक्टर ट्रॉली समेत घटना में प्रयुक्त आर्टिगा कर को भी बरामद किए जाने का दावा किया है। इनके कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस भी बरामद हुए हैं। घटना में शामिल सभी सात लुटेरे सीतापुर जनपद के हैं जिनमें दो लुटेरे अभी भी फरार हैं।

कोतवाली मैगलगंज की चौकी औरंगाबाद क्षेत्र के बरवर मार्ग पर 24 दिसम्बर की रात अजबापुर सुगर मिल में गन्ना आपूर्ति कर ट्रैक्टर ट्रॉली से वापस आ रहे किसान अजीत वर्मा को कार सवार लुटेरों ने बंधक बनाकर ट्रैक्टर ट्रॉली लूटकर फरार हो गए थे। बंधनमुक्त हुए अजीत ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर घटना से अवगत कराया था। लूट की सूचना पर सक्रिय हुई मैगलगंज पुलिस ने रात में सीमाओं की नाकाबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन शातिर लुटेरे वारदात के बाद भागने में सफल रहे थे। इस लूटकांड का खुलासा करने के लिए एसपी गणेश साहा ने कई टीमों का गठन कर शीघ्र खुलासे के निर्देश जारी किए थे। इधर इंस्पेक्टर मैगलगंज अमित सिंह भदौरिया ने भी स्थानीय कोतवाली के सभी चौकी प्रभारियों समेत दरोगाओं की अलग अलग टीम बनाकर लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछा दिया। खुलासे के दौरान कोतवाली पहुंचे एएसपी नेपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने लिधियाई मोड़ के पास से लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर लूटा गया ट्रैक्टर ट्राली व घटना में प्रयुक्त आर्टिगा कार भी बरामद कर ली। जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचा 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। इन लोगों ने घटना में सात लोगों के शामिल होने की बात स्वीकार की है जिनमें सूफियान पुत्र जलालुद्दीन निवासी गजपतिपुर थाना महोली, दोस्त मोहम्मद व नवशाद पुत्रगण सत्तार, असद पुत्र शमशेर निवासीगण ग्राम गद्दीपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर व उस्मान पुत्र खलील निवासी मोहम्मदीपुर थाना तालगांव सीतापुर गिरफ्तार कर लिए गए जबकि अल्ताफ पुत्र मुस्ताक निवासी नटपुरवा थाना पिसावां व हबीब उर्फ कल्लू पुत्र अज्ञात निवासी बरियारपुर थाना रामकोट सीतापुर फरार हैं। जिनकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत वारदात का हुआ खुलासा : एएसपी

एएसपी नेपाल सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि डीजीपी द्वारा हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत इस बड़ी वारदात का खुलासा संभव हो पाया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत खुलासे के लिए लगाई गई पुलिस टीम ने हाइवे किनारे विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की थी, जिसकी मदद से ही पुलिस इन अपराधियों तक पहुंचने में कामयाब हुई है। उन्होंने बताया कि एसपी गणेश साहा ने इस खुलासे में शामिल पुलिस टीम को पुरष्कृत करने की घोषणा की है।

### लूटकांड का खुलासा करने में यह टीम थी शामिल

ट्रैक्टर ट्रॉली लूटकांड का खुलासा करने के लिए एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी नेपाल सिंह के निर्देशन व सीओ मोहम्मदी/मितौली अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मैगलगंज पुलिस के साथ साथ क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था। इन दोनों टीमों में दो निरीक्षक, चार उपनिरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी तथा 18 आरक्षी शामिल थे।

# रामजन्मभूमि तीर्थ के लिए निकाली कलश यात्रा

**मसौली, बाराबंकी।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम जन्म भूमि तीर्थ आयोजित कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण को लेकर अक्षत वितरण एवं कलश यात्रा कस्बा मसौली के बाबा रामशरण दास भगवत दास हनुमान मन्दिर से दुर्गा मंन्दिर मसौली बाज़ार ,शिव मन्दिर, खोखवा मोहल्ला दुर्गा मन्दिर, कटरा भवानी नीम चबूतरा, बाबा बल्ली दास कुटी, राम चबूतरा, खरैला कुवाँ माई ज्वाला मन्दिर होते हुए माँ काली मन्दिर भूलीगंज, हरदेव लाल बाबा मंदिरों का भ्रमण करते हुए पुनः हनुमान मन्दिर मसौली बाजार पर कलश यात्रा का समापन हुआ।कलश यात्रा में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। कलश यात्रा मण्डल महामंत्री देवी शंकर सोनी, सतीश सोनी, आशीष द्विवेदी, बाबा रामलाल दास, विजय कुमार गुप्ता, पवन कुमार नाग, अनिल कुमार गुप्ता, राजकुमार, ऊषा सोनी, पूजा सोनी, निधि नाग, आदि लोगों मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ से त्रिवेदीगंज क्षेत्र में पहुंचा तेंदुआ, लोगों में दहशत

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** पिछले बुधवार से क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके तेंदुए के त्रिवेदीगंज क्षेत्र में प्रवेश कर जाने के साथ ही जहां हैदरगढ़ वासियों ने राहत की सांस ली है, वहीं एक दिन पूर्व त्रिवेदीगंज क्षेत्र के गोमती नदी की तलहटी में स्थित भितरी गांव में तेंदुए के हमले से युवक के घायल हो जाने से आसपास के गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया हैं।

तेंदुए के हमले में युवक के घायल होने के बाद हरकत में आई वन विभाग की टीम द्वारा थाना लोनीकटरा पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से लगातार कॉम्बिंग एवं हाँका की कार्यवाही करने में डटी हुई है। हैदरगढ़ क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने के बाद आज पांचवे दिन भी वन विभाग की टीम वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी के निर्देशन में लगातार भीतरी, धौरहरा, मोहम्मदपुर, लोनी नाला गोमती नदी के किनारे मिले पगचिन्हों के सहारे कांबिंग/हाका हजारों ग्रामीणों के साथ करती रही। उप वनाधिकारी अजय कुमार पांडे टीम के साथ लगातार कैंप कर रहे हैं, उनके द्वारा बताया गया कि जो भी पगचिन्ह मिले हैं उससे यह अनुमान नहीं लगाया जा पा रहा है कि वह तेंदुआ के है। या फिर किसी अन्य जंगली जानवर के है। यही नहीं हम लेकर शिकार हुआ राजू भी हमलावर जानवर की तस्वीर तेंदुए के रूप में नहीं कर पा रहा है। श्री पांडे ने बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधवान द्वारा लगातार निर्देशित जा रहा कि सभी वन विभाग टीम लगातर जंगली जानवर की गतिविधि पर नजर रखे और जनता को विश्वास दिलाएं कि विभाग 24घंटे आपके साथ है।

# होमगार्डों को दी गई भावभीनी विदाई

**मसौली, बाराबंकी।** आयु सीमा पार कर चुके दो होमगार्ड जवानो को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अल्प समय मे इनके साथ कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हर सरकारी कर्मी के जीवन में यह क्षण आता है। सभी सरकारी कर्मी को कभी न कभी सेवानिवृत होना है। वहीं सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान राम कैलाश वर्मा एव रामसेवक ने कहा कि अपने कार्य काल के दौरान हमें भी काफी कुछ सीखने को मिला। यह तो परंपरा है कि 60 साल के बाद हर किसी को सेवानिवृत्त होना है। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड जवानो को पाग, फूल माला, बुके, शॉल, अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक श्मशाद अली सहित स्टॉफकर्मी मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य ने थारू जनजाति के लिए चलाए जा रहे स्किल सेल अभियान का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** थारू जनजाति के लोगों में पनप रही अनुवांशिकी बीमारी का पता चलने के बाद बॉर्डर क्षेत्र के आठ उप केंद्रों पर सिकिल सेल एनीमिया हेल्थ के अंतर्गत अभियान चलाकर जांच की जा रही है। जिसका निरीक्षण महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य डॉ आरपी दीक्षित द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में वह शनिवार को सीएचसी पलिया के अंतर्गत पसिया छिदिया पश्चिम चंदन चौकी पुरैना में जन आरोग्य मंदिर पर चल रहे हेल्थ कैंप में पहुंचे थे। वहीं रविवार को महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य द्वारा निघासन सीएचसी के बेलापरसुआ और ड़ागा का निरीक्षण किया गया है।

डीपीएम अनिल यादव ने बताया कि महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य डॉ आरपी दीक्षित सिकल सेल अभियान के निरीक्षण के लिए खीरी पहुंचे हैं। यह



▶ थारू जनजाति के लोगों में मिली अनुवांशिकी बीमारी का पता लगाने के लिए चलाए जा रहा अभियान

अभियान 30 दिसंबर और 31 दिसंबर को चलाया जा रहा है। दो दिवसीय इस अभियान के अंतर्गत पहले दिन थारू जनजाति के 500 लोगों की जांच की गई है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य डॉ आरपी दीक्षित द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में ब्लड टेस्ट करने से यह पता चला था कि इस जनजाति में सिकल सेल नाम की एक अनुवांशिकी बीमारी है, जिसे देखते हुए दो दिवसीय अभियान का आयोजन किया गया है। अभियान पलिया सीएचसी के 6 उपकेंद्रों और निघासन सीएचसी के दो उपकेंद्रों पर चलाए जा रहा है। राज्य स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे इस बीमारी से ग्रसित लोगों का पता लगाकर उनका उपचार किया जा सके। महाप्रबंधक द्वारा सिकिल सेल प्रोटोकॉल के अनुसार जांच करने सहित मोबाइल ऐप पर शत प्रतिशत रिपोर्ट फीड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# समाजसेवी, साहित्यकार और प्रधान-बीडीसी किए गए सम्मानित

▶ नामचीन कवियों ने स्रोताओं को खूब हंसाया

समृद्धि न्यूज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया स्थित जगजीवन लॉन में रविवार को जन प्रतिनिधि व विशिष्ट जन सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही भव्यता के साथ सम्पन हुआ जिसमे निर्वाचित सदस्यों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वालो का सम्मान के पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट अंतर्गत जगजीवन लॉन




में आयोजित जन प्रतिनिधियों और विशिष्ट अतिथि सम्मान समारोह में 64 ग्राम प्रधान, 91 क्षेत्र पंचायत सदस्य,7 जिला पंचायत सदस्य, 1 नगर पंचायत चेयरमैन, 14 सभासद, 81 पत्रकार व कई क्षेत्रों में समाजसेवा का कार्य करने वाले 40 लोंगो को भानपुर से क्षेत्र पंचायत सदस्य शशी सिंह व समाजसेवा फाउंडेशन अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सिसोदिया ने अंगवस्त्र व पुरस्कार देकर सभी को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प गुच्छ और दीप प्रज्वलित कर दुष्यंत कुमार शुक्ला सिंघनादी ने काब्य पाठ कर शुरू किया और संचालन रामकिशोर तिवारी किशोर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका जैन अम्बर, राम भदावर, रामकिशोर तिवारी किशोर, हेमंत पांडेय, रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, विकास सिंह बौखल, शिवा त्रिपाठी, शशि श्रेया, दुष्यंत कुमार शुक्ल सिंघनादी ने कविताएं पढ़ी। वीर रस के कवि दुष्यंत शुक्ल सिंघनादी की कविता मैं÷ शहीद ऊधम हूं जिंदगी के थोड़े से बसंत देख पाया हूँ ÷ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए तालियां की गड़गड़ाहट से सदन गूंजा। विकास सिंह बौखल रामनगर ने अपने हास्य चुटकुलों व सानिया के देवर कुंवारे मर जाएंगे कविता से श्रोताओं के मन मोहा,। श्रृंगार रस की राष्ट्रीय कवयित्री शिवा त्रिपाठी बस्ती ने अपने मुक्तक सुनाये। कानपुर से आए हास्य कवि हेमंत पांडेय ने चुटकलों से श्रोताओं को खूब हँसाया।

# करूणा व एकता के साथ सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए नववर्ष : महाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी असेम्बली के स्पीकर योगी कैबिनेट के कई मंत्रियों ने नववर्ष की प्रदेश के निवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। यूपी विस के अध्यक्ष सतीश महाना ने आने वाले ईशा नव वर्ष 2024 की प्रदेशवासियों को बधाई दी।

विस अध्यक्ष ने कहा कि आने वाला नया वर्ष भगवान राम द्वारा सन्निहित मूल्यों से धार्मिकता, करुणा और एकता के प्रयास करने के साथ ही सभी के जीवन में अच्छी सेहत, खुशियां और समृद्धि लेकर आये। दूसरी ओर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, व्यावसायिक



शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान, कृषि-विपणन, कृषि-विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष पर बधाई दी। उन्होंने नव वर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

# बेहतर व्यवस्था के साथ पर्याप्त रैन बसेरे संचालित कराएं निकाय अधिकारी : शर्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में भीषण ठंड और शीतलहर की स्थिति बन चुकी है, ऐसे में सभी नगरीय निकाय अपने यहां गरीबों, बेसहारों, बेघरों व मजबूरी में खुले में रात बिताने के लिए लाचार व्यक्तियों को ठंड एवं शीतलहर से बचने के लिए स्थाई-अस्थाई रैन बसेरा संचालित कराए। सभी रैन बसेरों में, बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, बाजारों, मुख्य स्थानो के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई जाए। लोग खुले में न सोए सभी निकाय अधिकारी रात्रि 9 बजे से 12 बजे के बीच मुख्य स्थानो का निरीक्षण करें। रैन बसेरों और अलाव जलाने की व्यवस्था का बेहतर संचालन के लिए नगर निगम में नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त तथा



नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी स्वयं जाकर व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को प्रातः 8 बजे अपने 14 कालिदास आवास से सभी निकायों में रैन बसेरो के संचालन, अलाव जलाने की स्थिति व साफ-सफाई की व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा की।

उन्होंने नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों से बात कर रैन बसेरों के संचालन एवं अलाव जलाने की वास्तविक स्थित जानी और गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी आदि नगरों की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पर भी जरूरी हो रैन बसेरा जरूर संचालित कराए, खासतौर से रेलवे व बस स्टेशनों, अस्पतालों, लेबर अड्डों, बाजारों के आसपास रैन बसेरो की व्यवस्था हो।

रैन बसेरों में ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, कंबल, गर्म पानी, अलाव जलाने की व्यवस्था हो। साफसफाई का विशेष ध्यान रखें, शौचालयों बेडशीट की स्वच्छता सफाई रखेंगे। निकाय अधिकारी संवेदनशील होकर गरीबों और मजबूर लोगों की मदद करें। रैन बसेरों के संचालन और अलाव जलाने की व्यवस्था में समाज और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाय।

शुभारंभ — राज्यपाल ने राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023-24 का किया शुभारंभ

# खेल से मन प्रफुल्लित और मस्तिष्क का होता है विकास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के बड़े लॉन में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ किया। बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को नववर्ष 2024 की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि वर्ष 2024 में हमारा लक्ष्य ऊंचा होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि अभिभावक के कार्यों का प्रभाव उनके बच्चों पर पड़ता है। बच्चे खेल के लिए हमेशा



तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मानव कल्याण व सर्व कल्याण के लिए होना चाहिए, यह सीख हमें हमारे पूर्वजों और ऋषि मुनियों ने दी है, जो घने जंगलों में बैठकर ज्ञान प्राप्ति में लीन रहते थे। उन्होंने कहा कि पूर्वजों द्वारा प्राप्त ज्ञान समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। राज्यपाल ने राजभवन को जन भवन बताते हुए कहा कि यह आमजनों कि लिए खुला होना चाहिए।

उन्होंने खेल में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलने से मन प्रफुल्लित होता है और मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने इस क्रम में स्वस्थ शरीर हेतु स्वस्थ खान-पान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

राज्यपाल द्वारा राजभवन के अध्यासित बच्चों को पूर्व में खेल क्षेत्र में हासिल हुई उपलब्धियों पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता का आनंद उठाएं। विगत वर्षों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों सह उनके परिजनों को कार्यक्रम में सक्रिय सहभाग हेतु धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल बीएन सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। खेल शारीरिक शक्ति के साथ साथ मानसिक संबल प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय परंपरागत खेल को कम खर्चीला बताते हुए बढ़ावा दिये जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल साहस, निष्ठा एवं समर्पण का संचार करेगी।राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0/50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू तथा रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 358 पुरूष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियां हैं।




# मेंटल अर्थमेटिक कम्पटीशन में सीएमएस छात्र 'स्टेट चैम्पियन'

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के कक्षा 8 के छात्र कार्तिकेय श्रीवास्तव ने राज्य स्तरीय एबेकस एवं मेंटल अर्थमेटिक कम्पटीशन में 'स्टेट चैम्पियन' का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक प्रोग्राम यूनिवर्सल कान्सेप्ट ऑफ मेन्टल अर्थमेटिक सिस्टम (यूसीएमएएस - यूपी चैप्टर) के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के 29 जिलों के 1100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने महज 8 मिनट में 200 सवालों के सटीक जवाब निकालकर गणित में अपनी महारत सिद्ध करने के साथ ही बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने कार्तिकेय की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए चैंपियन्स ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।
















































डीएम नेहा शर्मा की अनूठी पहल

# जनपद के युवाओं के लिए आज से होगी क्विज की शुरुआत

- जल जीवन मिशन की थीम पर होगा ऑनलाइन क्रिज का आयोजन
- 15 दिन में पूछे जाएंगे 20 सवाल, सर्वाधिक सही जवाब देने पर 200 प्रतिभागियों को मिलेंगे विशेष पुरस्कार
- सफल प्रतिभागियों को मिलेगा जनपद में जल जीवन मिशन का ब्रांड एम्बेसडर बनने का अवसर




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के युवाओं को सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। जिला प्रशासन द्वारा जल जीवन मिशन की थीम पर ऑनलाइन क्विज कराने की घोषणा की गई है। इसकी शुरुआत एक जनवरी से होगी। सर्वाधिक सही जवाब देने वाले 200 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही, जल जीवन मिशन का जनपद में ब्रांड एम्बेसडर बनने का भी अवसर प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि जनपद के विकास में आम जनमानस विशेषकर युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के अन्तर्गत जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट (अब एक्स) और फेसबुक अकाउंट पर प्रश्न जारी किए जाएंगे। इसमें, जल जीवन मिशन से संबंधित प्रश्न होंगे। 15 जनवरी तक कुल 20 सवाल जारी किए जाएंगे। सर्वाधिक सही जवाब देने वाले 200 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों के साथ विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अन्य सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण भी कराना होगा। इसके लिए जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट (अब एक्स) और फेसबुक अकाउंट के माध्यम से एक गूगल फार्म जारी किया जाएगा। दिए गए लिंक (https://forms.gle/GobUMvQ9mbc8cMRd9) पर क्लिक करके आप अपना ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इन प्रतिभागियों को केन्द्र सरकार के शहरी शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम (ट्यूलिप) के साथ जुड़कर इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने वाले पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को जनपद गोण्डा में नियुक्त उ0नि0ना0पु0 उमाशंकर सिंह, उ0नि0ना0पु0 जयनाथ पंडित, उ0नि0ना0पु0 रामअवतार यादव, उ0नि0ना0पु0 भरत सिंह राव, उ0नि0ना0पु0 अरविन्द कुमार सिंह व उ0नि0ना0पु0 रामप्रसाद यादव पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत पर अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय द्वारा पुलिस लाइन सभागार में उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर आर0आई0 गोण्डा राकेश कुमार सिंह व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में



### कृष्णा रानी को अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बहु प्रतिष्ठित राजस्व विभाग लेखपाल की परीक्षा में कृष्णा रानी पत्नी मुकेश कुमार (सफाई कर्मी) निवासी सिसवा का चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। इस कामयाबी के लिए लेखपाल कृष्णा रानी व उनके पति मुकेश कुमार को श्रद्धेय अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट पंडितपुर के अध्यक्षा मीना कुमारी मंत्री शुभम सिंह कनौजिया सदस्य आदर्श सिंह कनौजिया ने फूल माला अंग वस्त्र मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। कृष्णा रानी बताती हैं कि उन्होंने कई परीक्षाएं दीं जिसमें कुछ ही नंबरों से चयन होते-होते रह गया। इस सफलता में उनके पति मुकेश कुमार व कृष्णा रानी की माताजी का अहम रोल रहा। इनकी इंटरमीडिएट तक की शिक्षा पंजाब एजुकेशन बोर्ड लुधियाना से तथा ग्रेजुएट पोस्ट ग्रेजुएट की शिक्षा एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा से हुआ। इनके पति पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में रूचि रखते हुए अपने पत्नी की तैयारी हेतु लखनऊ कपूरथला कोचिंग सेंटर में एडमिशन कराया। शिक्षा विभाग के तहत यूपी एसएससी एडेड जूनियर विद्यालय की परीक्षा में भी सम्मिलित हो चुकी है जिसका परिणाम कोर्ट में विचाराधीन है। इस सफलता पर रणजीत सिंह, बलजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह,सत्यावती, रागिनी, शिवशंकर , गुरु बचन, कोमल मासूम आदि ने कृष्णा रानी को बधाई दी।

### जानलेवा हमला का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को0नगर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0सं0– 1068/23, धारा 147,148, 149, 307, 342, 323, 34 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त द्वारिका दत्त तिवारी जो गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था को बीएसएनएल आफिस के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 21.12.2023 की रात्रि करीब 11:00 बजे थाना कोतवाली नगर को सूचना प्राप्त हुई की सोनी गुमटी क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति अपनी कार के बगल में घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। जहां से बेहतर उपचार हेतु चंदन हॉस्पिटल लखनऊ रेफर कर दिया गया था। घटना के सम्बन्ध में थाना को0 नगर में मु0अ0सं0–1068/23, धारा 147,148,149, 307,323,342 भादवि बनाम 05 नामजद व 04 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें पुलिस टीम द्वारा पूर्व में 04 नामजद व 02 प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 31.12.2023 थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा उक्त मुकदमें में प्रकाश में आये अभियुक्त द्वारिका दत्त तिवारी को बी0एस0एन0एल0 आफिस के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए छात्र



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज सांसद के जन्मदिन को लेकर रविवार को मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें डेढ़ हजार से अधिक छात्र और छात्राएं शामिल हुए। जन्मदिन के मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 22 वर्षों से मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित होती है। रविवार को भी देवीपाटन मंडल के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा हुई। एकलव्य महाविद्यालय झुकिया जरवल रोड में विकास खण्ड जरवल के प्राथमिक, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के विद्यार्थियों नें महाविद्यालय प्रशासक अखंड प्रताप शाही के देख–रेख में प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रतिभाग किया।मण्डल स्तरीय इस प्रतियोगिता में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को सांसद कैसरगंज के द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर छात्रों को मोटरसाइकिल, छात्राओं को स्कूटी एवं नगद धनराशि से पुरस्कृत किया जाना है। एकलव्य महाविद्यालय प्रशासक अखंड प्रताप शाही ने बताया कि एकलव्य महाविद्यालय में 485 जूनियर सीनियर वर्ग मिला कर कैसरगंज हुकम सिंह इंटर कॉलेज सीनियर जूनियर सहित 756, फखरपुर सियाराम इंटर कॉलेज सीनियर जूनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं सहित 496 परीक्षा में शामिल हुए है।

## महामंगल कलश यात्रा की धूम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम कथा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष पर गोंडा नगर में आयोजित महामंगल कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई जो मालवीय नगर स्थित सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर से निकलकर शहर में भ्रमण करते हुए दुखरणनाथ मंदिर पर समाप्ति हुई। कलशयात्रा में हाथी की घुडसवारी रही तो कही स्कूली बैंड लेकर चल रहें थे। जगह-जगह डीजे पर राम भक्त झूमते नजर आ रहे थे।ये आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हिंदू संगठन भाजपा का सहयोग रहा। आयोजन में भगवान राम का दरबार हनुमान जी की झांकीं सजी हुई थीं। कलशयात्रा दुखहरण नाथ मंदिर पर सम्पन्न हुई फिर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न पर सभी महिलाएं कलश और निशान को प्रसाद के रूप में घर ले गई। इस दौरान आनन्द भारद्वाज, दिवाकर सोमानी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप,नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, आनन्द त्रिपाठी, जसपाल सलूजा,पं शिव कुमार शास्त्री विश्व हिंदू परिषद, डाक्टर अनिल कुमार, संतोष सोनी, रवि सोनी, नेहा भारद्वाज,कामाख्या मंदिर की पूजा मिश्रा, अर्चना उपाध्याय, वंदना गुप्ता, सोनी सिंह, शुभी कक्कड़, वर्षा सिंह सहित हजारों संख्या में जनसैलाब उमड़ा रहा।

## धूमधाम से मनाया गया एम्स इंटर कॉलेज का 20वां वार्षिक उत्सव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को एम्स इंटर कॉलेज का 20 वाँ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एम्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ अभय श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

डॉ अभय ने आगे कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारिक एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है।ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जो बच्चो में एक अलग ही उत्साह नजर आया। इस दौरान मुख्य



अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया।

संस्था के अध्यक्ष इकबाल बहादुर श्रीवास्तव, श्रीमती निरुपमा श्रीवास्तव अनवाया श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मुख्य सम्मानित अतिथि चरक हॉस्पिटल लखनऊ से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कठोर परिश्रम और सच्ची लगन से जीवन में किसी भी मनचाहे मुकाम को हासिल किया जा सकता है। लक्ष्य छोटे-छोटे तय कर धीरे-धीरे बड़े लक्ष्य की तरफ बढ़ना चाहिए। इससे आसानी से कामयाबी पाई जा सकती है। यही सफलता का मूलमंत्र है। यह बात डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने डॉ अभय श्रीवास्तव के लिए कही। साथ में स्कूल के बच्चों को इस सांस्कृतिक प्रोग्राम में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का बहुत महत्व होता है। समय के प्रबंधन की कला जिसे आ जाती है वह जीवन में आगे बढ़ता है इस कार्यक्रम में पत्रकार सामाजिक संगठन प्रोफ़ेसर के साथ-साथ डॉ. अनीता मिश्रा, डॉ. डी.के राव डॉ. अतुल सिंह डॉ. घनश्याम गुप्ता डॉ एन. एन .तिवारी समाजसेवी एवं शिक्षक अश्विनी श्रीवास्तव कामर्स प्रवक्ता विवेक श्रीवास्तव,हर्षवर्धन एवं तमाम स्कूल प्रबंधको को भी सम्मानित किया गया।

## बच्चों को किसी भी दशा में वाहन चलाने की अनुमति न दी जाय : मंत्री

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

''सुरक्षित यात्रा-सुरक्षित जीवन'' के संकल्प तथा शीत ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों व गम्भीर रूप से घायल लोगों की संख्या में कमी लाये जाने, यातायात नियमों के पालन के साथ वाहनों का संचालन तथा वाहन का संचालन करते समय शत-प्रतिशत हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के प्रति आमजन में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य जनपद में 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक संचालित होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन अवसर पर केडीसी के डॉ जेबी सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने छात्र-छात्राओं को हेल्मेट का वितरण करते हुए लोगों का आहवान किया कि स्वयं के साथ आमजन को भी



यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से बीते पखवाड़े जन जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये परन्तु यातायात नियमों के पालन के लिए मात्र सरकार या जिला प्रशासन का प्रयास पर्याप्त नहीं होगा। यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने में आज की युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र-छात्राएं महती भूमिका निर्वहन कर सकते हैं।

मुकुट बिहारी वर्मा ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अपील की धैर्य, संयम और विवेक के साथ वाहन चलायें तथा यातायात नियमों की कतई अनदेखी न करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग के साथ-साथ सड़क की स्थिति तथा भौगोलिक परिस्थितियों को भी ध्यान में अवश्य रखें। श्री वर्मा ने लोगों से अपील की कि 18 से कम आयु के बच्चों को किसी भी दशा में वाहन चलाने की अनुमति न दी जाय। कार्यक्रम के दौरान पीटीओ अवधराज व गजंफर जाफरी ने भी लोगों यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान संचालित की गयी गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के व्यवहार परिवर्तन पर विशेष ज़ोर दिया गया है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी इरफान, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, पूर्व प्राचार्य मेजर डॉ एसपी सिंह सहित अन्य गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में परिवहन विभाग द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

## नए साल के जश्न को मनाने के लिए तैयार हैं जिलेवासी, खूब बिक रहे फूल






- डीजे की धुन पर थिरक कर युवा करेंगे 2024 का स्वागत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में 2023 को विदा करने व 2024 के स्वागत करने को लेकर तैयार है।खट्टी मीठी यादों के बीच 2023 जहां विदा होगा वहीं नए साल के स्वागत के यादगार लम्हों को संजो लेने के लिए हर कोई बेताब है।

कोई आलीशान होटल में डिनर, डांस पार्टी संग बदले वर्ष को मनाने में लगा है, तो कइयो ने सुदूर भारत नेपाल बॉर्डर पर आबाद कतर्नियाघाट में प्राकृतिक की गोद में नए साल के जश्न में डूबने के लिए तैयारी को अंतिम रूप दे चुका है। शहर का माहौल भी इसके भव्य स्वागत की तस्वीर को उकेर रहा है। सभी एक दूसरे को बधाई देने व नए साल को यादगार बनाने को उत्साहित हैं। बाजार भी नए साल के उपहार से गुलजार है।इस बार कई प्रकार के गुलाब बाजार में दस्तक दे चुके हैं जो नए साल को खास बना रहे हैं।नए साल के स्वागत को लेकर हर कोई बेताब है शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूर एक रिसॉर्ट नए साल के लिए बुक हो चुका है यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ डांस तक का लोगों को रोमांच मिलेगा।प्रबंधक बताते हैं कि ग्राहकों के पसंद की हर चीज यहां मिलेगी कई अन्य रिसार्ट भी बुक किए गए हैं इसके अलावा 80 किलोमीटर दूर हिमालय की तलहटी में आबाद कतर्नियाघाट नए साल मानने वाले पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा है यहां सारे गेस्ट हाउस 3 जनवरी तक फुल हो चुके हैं।

### 30 से 80 रुपए में बिक रहा गुलाब का फूल

नए साल में सर्वाधिक तीन कलर के गुलाबों की मांग है।बधाई देने के लिए बाजार में सफेद पीले व लाल गुलाब की मांग बढ़ गई है मांग को देखते हुए भाव भी चढ़ गए हैं 30 से 80 रुपए की दर से गुलाब बिक रहे हैं।

### बाजारों में ग्रीटिंग व अन्य सामान के बढ़े दाम

नए साल को खास अंदाज में मनाने व प्रियजनों को उपहार देने के लिए डिज़ाइन ग्रीटिंग कार्ड, टेबल कैलेंडर व फोटो कप की मांग भी बाजार में अधिक हो रही है। जिसके चलते सभी का दाम बढ़ गया है।

## किसान के बेटे को राज्यपाल से मिला गोल्ड मेडल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट जंगल से सटे जमुनिहा कारीकोट गांव निवासी किसान के बेटे को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से दो गोल्ड मेडल मिला है। एमबीबीएस 2020 बैच के छात्र हरमन सिंह के दो गोल्ड मेडल पाने पर गांव में बधाई देने वालो का तांता लगा है।

जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर सीमावर्ती व कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र के जंगल से सटे गांव जमुनिहा कारीकोट निवासी किसान कुलवीर सिंह के बेटे हरमन सिंह को डॉक्टर राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के प्रथम दीक्षांत समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश



की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल द्वारा दो स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।द्वितीय वर्ष मे विश्वविद्यालय टॉप करने के लिए एक स्वर्ण पदक और फार्माकोलॉजी में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हरमन सिंह को मिला है। उन्हें पिछले वर्ष भी राज्यपाल से प्रथम वर्ष में एक स्वर्ण पदक मिला था।दीक्षांत समारोह में उनके पिता कुलवीर सिंह और माता रूपेंद्र कौर उपस्थित रहीं। अपने बेटे को राजपाल के द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित होता देख वह काफी खुश थे।

### 50 किलोमीटर दूर तक नही है कोई डॉक्टर

एमबीबीएस 2020 बैच के छात्र व दो गोल्ड जीतने वाले हरमन सिंह ने फोन पर बताया कि हमारे क्षेत्र के 50 किलोमीटर के परिक्षेत्र में कोई अच्छा डॉक्टर नही है। बीमार होने पर लोगो को इलाज के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती हैं। यही देखकर डॉक्टर बनने की इच्छा जागृत हुई। माता पिता के सहयोग से यह मुकाम हासिल हुआ है।हरमन सिंह ने बताया कि निरंतरता और कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी है। जो लोग हर मुश्किल से लड़ते है उन्हें योद्धा कहा जाता है।

## घर में घुसे मवेशियों का विरोध करना पड़ा भारी

### दबंगों ने जमकर पीटा, दम्पति समेत चार घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला सलारपुर निवासी हनीफ मवेशी पाल रखे हैं। उनका मवेशी रविवार सुबह नज्जब अली के द्वार पर चला गया। जिस पर नज्जब अली ने विरोध किया। इससे दबंग हनीफ, बेटा वारिस अली, बुच्चा और महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में नज्ज़ब अली, पत्नी परवीन, भाई की पत्नी शमां समेत चार घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से झगड़ा शांत कराया गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। इसके बाद दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त 11 वाहनों के विरूद्ध हुई कार्यवाही

### डीएम के निर्देश पर की गई कार्रवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन,परिवहन पर प्रभावी अंकुश के लिए 30 दिसम्बर की रात्रि में संचालित किये गये अभियान के दौरान अवैध परिवहन में 11 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें 09 वाहनों को सीज़ किया गया तथा 02 का ऑनलाइन चालान किया गया।

## 21 दिन से गायब युवक का मिला कंकाल

- पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गंडौर नदी के जलकुंभी में रविवार सुबह मानव का कंकाल लिपटा हुआ मिला। कपड़े से मृतक की पहचान हो गई है। वह 21 दिन से गायब था। मटेरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत इंटहा के सहत्तर गांव में स्थित गंडौर नदी में मानव कंकाल जलकुंभी में फंसा मिला। जिसकी सूचना लोगों ने मटेरा पुलिस को दी।

मटेरा थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मानव कंकाल को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मानव कंकाल की पहचान धनीराम पुत्र रामखेलावन ग्राम सहत्तर दाखिला इंटहा थाना मटेरा बहराइच के रूप में हुई। जिसकी पहचान मृतक कंकाल के ऊपर उसके कपड़ों से उसकी पत्नी राधा देवी द्वारा किया गया।मृतक की पत्नी राधा देवी एवं मौजूद लोगों ने यह संदेह व्यक्त किया की मछली मारते समय नदी के जलकुंभी में फंस जाने के कारण धनीराम की मृत्यु हो गई है। मृतक की पत्नी राधा देवी द्वारा मटेरा थाना में 15 अक्टूबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उसका पति 10 अक्टूबर को घर पर बिना बताए पैदल कहीं चला गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**बहराइच समृद्धि न्यूज** श्रीधाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बालरूप की प्राण प्रतिष्ठा में जनपद वासियों को आमंत्रित करने के लिए विश्वहिंदू परिषद के तत्वावधान में एक विशाल कलश यात्रा के लिए एकत्रीकरण 1 जनवरी 2024 को महराज सिंह इंटर कालेज बहराइच मे होगा। रामभक्त महाराज सिंह इंटर कॉलेज से प्रातः11:00 बजे निकलकर हास्पिटल चौराहा होते हुए चित्रगुप्त तिराहा,छावनी चौराहा,घंटाघर चौराहा ,पीपल तिराहा होते हुए, परशुराम चौराहा,पानी टंकी चौराहा से होकर पुनः महाराज सिंह इंटर कालेज जाकर समाप्त होगी । कलश यात्रा का पूरे शहर में श्री राम भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम जन जन के लिए बहुत ही उपयोगी

- लोग जागरूक होकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें : अनुपमा जायसवाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत सुमेरपुर विकासखंड पयागपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित



रहीं।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा लोक-कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का सदर विधायक ने निरीक्षण किया साथ ही उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत के लिए शपथ दिलाकर किसान सम्मान निधि,आवास,आयुष्मान भारत के कार्ड भी वितरित किए। सदर विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहा यह विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी कार्यक्रम है जिसमें लोगों को जागरुक होकर सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का भरपूर भला लेना चाहिए। आज सरकार के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता के द्वार आकर स्वयं सुविधा मुहैया कर रहे हैं अतः आप सभी जन-जन तक इस कार्यक्रम की महत्ता को समझाते हुए जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करवायें। इस अवसर पर बीडीओ पयागपुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव त्रिपाठी,मंडल अध्यक्ष मनीष देव त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू ,मंडल महामंत्री सीताराम वर्मा, नारायण दत्त तिवारी, ओंकार सिंह,एडीओ पंचायत तेज नारायण राव, डॉ अशोक,आपूर्ति निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव,प्रधान राम धीरज यादव,पंचायत सचिव जय प्रकाश सिंह,कोटेदार सुशील सिंह पंचायत सहायक जय प्रकाश मौर्य, सेक्टर संयोजक विनोद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ला ने किया।

# अक्षत कलश यात्रा की भव्य झांकी ने नगर वासियों का मन मोहा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश यात्रा रायबरेली नगर के वैदिक इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर कैपिटल टॉकीज कपरगंज घंटाघर होते हुए जगमोहनेश्वर चन्दा पुर में सभा में परिवर्तित होकर समाप्त हुई समापन पर बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल ने कहा हमसे पूर्व कई पीढ़ियां राम जन्मभूमि को मुक्त करने में आहत हो गई हैं हम हमारी पीढ़ी बहुत ही भाग्यशाली है कि हम सब के समक्ष श्री राम जी का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी हम सब अपने घरों के आसपास मंदिरों को सजाए और सीताराम जय राम जय जय राम का जाप करें झांकी में ब्रह्माकुमारी आश्रम,गायत्री परिवार द्वारा राम दरबार और बालिका विद्यालय के राम दरबार ने नगर वासियों का मन मोह लिया विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सहभाग किया।

विश्व हिंदू परिषद,शंखनाद, दुर्गा वाहिनी दल विद्या भारती सेवा भारती भारत विकास परिषद, संस्कार भारती, सभी विचार परिवार के संगठनों के साथ समाज के मठ मंदिरों के पूज्य संत एवं सेवा संस्थाओं के लोग सहभागी हुए प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह, जिला मंत्री धनंजय पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक जागेश्वर दयाल द्विवेदी, विभाग सेवक गया प्रसाद शुक्ला, जिला कार्यवाह अमित, जिला प्रचारक अमरजीत जी शंखनाथ परिवार से मनीष अग्रवाल जी, सुशील गुप्ता, हरिश्चंद्र शर्मा, दिनेश बहादुर, परमजीत गांधी, पंकज, सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# क्षमता से कम छोड़ा जा रहा पानी सिंचाई में हो रही परेशानी



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ पंप कैनाल से निकली गंगा नहर में क्षमता से कम पानी छोड़े जाने की वजह से नहर में टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसानों को सिंचाई में समस्या हो रही है डलमऊ एनटीपीसी के लिए बनी गंगा नहर से लगभग 100 से अधिक नहरो में पानी छोड़ा जाता है जिससे हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती है डलमऊ पंप कैनाल पर लगे हुए पंप में आधे से अधिक पंप बंद होने की वजह से पर्याप्त मात्रा में पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है सिंचाई विभाग द्वारा लगे हुए डलमऊ पंप कैनाल में 19 पंप लगाए गए हैं लेकिन रविवार को सिर्फ छह पंप से ही पानी निकल रहा था वह भी क्षमता से कम था शेष 13 पंप बंद पड़े हुए थे पंप बंद होने की वजह से टेल तक पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है जिससे नहरो में पानी नहीं पहुंचता है किसान नेता मनोज यादव सुशील यादव ने बताया कि कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरो में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की सिफारिश की गई लेकिन अधिकारी मनमानी पर उतारू है क्षमता से कम पानी छोड़े जाने की वजह से तेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

# ऊंचाहार मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों को कोतवाल ने किया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान में बीते रविवार एनटीपीसी स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया था। जिसमें ऊंचाहार मार्शल आर्ट अकादमी के 10 खिलाड़ी पास हुए थे।

प्रतियोगिता में सफल होने वाले खिलाड़ियों में नित्येन्द्र प्रजापति, पीयूष कमल, अंश मौर्य, युवराज मौर्य और वैष्णवी अग्रहरी, सारांश गुप्ता, दिव्या वैश, आदित्य को ऊंचाहार थाने के एसएचओ आदर्श कुमार सिंह ने बेल्ट, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा बच्चों को मिष्ठान खिलाकर ऐसे ही आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता और परिवार जनों का नाम रोशन करने का आशीर्वाद प्रदान किया। जिला कराटे संघ के अध्यक्ष मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने ऊंचाहार एसएचओ को हृदय की गहराई से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से कराटे आत्मरक्षा के रूप में ऊंचाहार के हर बच्चों तक पहुंचे ऐसी हमारी आशा है ताकि सभी अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बन सकें।

जिला कराटे संघ के सचिव/कोच राहुल कुमार पटेल ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सम्मान ही बहुत बड़ी चीज है जहां खिलाड़ियों का सम्मान होता है वहां खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं ताकि उनके साथ-साथ समाज का भी नाम रोशन हो सके। इस अवसर एस आई योगेश सिंह एस आई राहुल कुमार के साथ-साथ ऊंचाहार मार्शल आर्ट अकादमी के मुख्य सलाहकार रभिषेक अग्रहरी और अभिभावक के रूप में शिव शंकर, रजनी अग्रहरि ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक पार कर ले गये चोर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में शनिवार को रऊकरना बाजार सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। माखी गांव निवासी धर्मपाल पुत्र मुन्नू राठौर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार को वह सब्जी खरीदने रऊकरना बाजार गया था। बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। इधर-उधर खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। इस संबंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तीन फरार आरोपियो को पुलिस ने दबोचा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मुकदमों में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को उनके घर के बाहर से दबोच लिया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर उन्हें अदालत भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रवड़ी निवासी प्यारेलाल पुत्र घस्सू और उसका बेटा रामकुमार दोनों बाप-बेटे घर के अंदर घुसकर मारपीट करने के मुकदमें में अरसे से फरार चल रहे थे। जिले की अदालत से दोनों बाप-बेटे के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी हुआ था। रविवार को पुलिस ने दोनों बाप-बेटे को उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम मेला आलमशाह के मजरा चकपुरवा निवासी अभियुक्त सुबेदार उर्फबाबा पुत्र रामलाल को भी दबोच लिया। सुबेदार उर्फबाबा एक महिला के अपहरण, मारपीट और जान से मार डालने की धमकी के तहत न्यायालय में विचाराधीन मुकदमें में फरार चल रहा था। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफविधिक कार्यवाही कर उन्हें अदालत भेज दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनो घायलों को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनो का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम मायाराम पुत्र राजा राम निवासी अंबेडकर नगर कस्बा शिवगढ़ अपने गांव के ही दिनेश कुमार पुत्र बाबूलाल के साथ शिवगढ़ बाजार सब्जी लेने जा रहे थे तभी भवानीगढ़ शिवगढ़ संपर्क मार्ग निकट दामोदर खेड़ा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर हो गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनो घायलों को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनो युवकों का प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं शिवगढ़ सीएचसी के ईएमओ डाक्टर प्रेम शरण ने जानकारी देते हुए बताया की दो युवक घायल अवस्था में एंबुलेंस से सीएचसी लाए गए थे जिसमें दोनो युवकों का दाहिना पैर फैक्चर हो गया था जिन्हें प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के प्रमुख मार्ग उन्नाव-हरदोई रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। नगर के मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी अभिषेक गुप्ता 38 पुत्र राधाकृष्ण गुप्ता बाइक से नौनिहालगंज बाजार जा रहा था तभी रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अभिषेक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### स्वास्थ्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण, बांटी दवाइयां

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद मरीजों ने उनका परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. शिप्रा झा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 59 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

### गैंगस्टर आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को पकड़ा। जहां उसके खिलाफकार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान शनिवार रात कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि सुखलालखेड़ा निवासी शत्रुघन गौतम उर्फगुंडा स्वामी अपने घर पर मौजूद है। जिस पर पुलिस उसके घर पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गये आरोपी पर तमाम अपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही वह गैंगस्टर का आरोपी है। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

# जानवरों से परेशान ग्रामीणों ने पशुओं को क्रीड़ास्थल में बंद कर लगाया ताला

**लालगंज रायबरेली**



रायबरेली में आवारा जानवरों से परेशान होकर ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में आवारा पशुओं को क्रीड़ा स्थल में बंद करके लगाया ताला मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव का है जहां आवारा जानवर घूम घूम कर खेतों में बोई फसलों गेहूं, सरसों, आलू व अन्य सब्जियों को लगातार नुकसान पहुंचा रहें हैं वहीं अन्नदाता रात भर भीषण ठंड में रात रात भर जागकर अपने खेतों की रखवाली करते हैं लेकिन फिर भी आवारा जानवरों के झुंड उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे इसी से परेशान होकर ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में घूम रहे आवारा जानवरों को गांव के किनारे बने क्रीडा स्थल में बंद करके ताला लगा दिया, जैसे ही इसकी सूचना जिला प्रशासन को लगी तो जिला प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और सभी अधिकारी किसानों से बातचीत करके उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# दोस्तपुर ग्रामीण टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड के दोस्तपुर ग्राम सभा में आयोजित ग्रामीण एवं क्षेत्रीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को हसनगंज इलेवेन एवं पुरहिया इलेवन के बीच खेला गयाद्य जिसमें टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करने उतरी हसनगंज की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पुरहिया की टीम की शुरुआत अच्छी रही लेकिन नियमित अंतराल पर उनके विकेट गिरने की वजह से 15 ओवर में वह 7 विकेट के नुकसान 105 रन ही बना सकीद्य मैच का नतीजा सुपर ओवर में हुआद्य पूरे टूर्नामेंट में शानदार दर्शन करने वाले हसनगंज इलेवन के खिलाड़ी मोइन खान को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गयाद्य वहीं फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले पुरहिया इलेवन के खिलाड़ी विराट दीक्षित को मैन ऑफ द मैच के अवार्ड से नवाजा गयाद्य इस मौके पर कॉमेंटेटर मोहन त्रिवेदी, प्रभात अवस्थी, आयोजक विशाल कुशवाहा (अधिवक्ता) नितिन अवस्थी, प्रफुल्ल मोहन अवस्थी केडी राय (अधिवक्ता) ग्राम प्रधान परशुराम पटेल, कुलदीप बाजपेयी, धीरज अवस्थी अंकित यादव (अधिवक्ता) स्कोरर अनुराग कुशवाहा अंपायर मो0 इसरायल शिवा, पंकज (सहयोगी) सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित संतोष मौर्य बने अध्यक्ष

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने डलमऊ इकाई की कार्यकारिणी को करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया रविवार को डलमऊ ब्लॉक सभागार में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में डलमऊ क्षेत्र के पत्रकारों की बैठक आहूत की गई जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए डलमऊ क्षेत्र में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से संतोष मौर्य को डलमऊ क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया वही मेराज अली को महामंत्री बृजेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष राजेश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल मौर्य को उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष हर्षित शुक्ला को प्रवक्ता योगेंद्र मौर्य को मीडिया प्रभारी सत्येंद्र कुमार जितेंद्र यादव एवं सुरेंद्र कुमार को मंत्री प्रशांत शर्मा मनीष यादव को सचिव आशुतोष गुप्ता प्रदीप निर्मल व अनुराग त्रिपाठी को संगठन मंत्री के रूप में मनोनीत किया गया प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष मौर्य ने प्रदेश संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन का हृदय से आभार किया।

उन्होंने कहा संगठन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पत्रकार हितों एवं सम्मान की लड़ाई के लिए तात्पर्य रहेंगे।

इस मौके पर प्रदेश संगठन के प्रदेश प्रवक्ता याकूब खान प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शुक्ला एवं क्षेत्रीय पत्रकार उपस्थित रहे

## प्रधान ने दर्ज कराई मारपीट व तोड़-फोड़ की रिपोर्ट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज घर में घुस कर तोड़-फोड़ और जान से मारने की धमकी के साथ एससी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले की जांच सीओ सफीपुर को सौंप दी गयी है। रुपऊ गांव निवासी संजय रावत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह ग्राम प्रधान है। रंजिश के चलते करुणा शंकर, विजय शंकर, जितेंद्र व रागिनी निवासी गांधीनगर सदर कोतवाली अक्सर फोन पर अभद्र व्यवहार करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं विरोध किया तो घर में घुसकर तोड़-फोड़ की। थाना प्रभारी वीर बहादुर का कहना है कि तहरीर के आधार पर एसपी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।




## संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक मियागंज के ग्राम पंचायत कुलहा अटौरा में हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के साथ क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर को एस दयाल ग्रुप के चेयरमैन स्वामी दयाल गुप्ता और उनके पुत्र अनुराग द्वारा पुष्प व माला पहनाकर अंगवस्त्र देकर साथ में क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र, पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। गांव के सैकड़ों बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को कम्बल वितरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक ने सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव पंकज कुमार, मुकेश गुप्ता, बबलू गुप्ता, बलवीर यादव, सरोज सैनी, बैजनाथ, मुन्नू सिंह, मलखान सिंह, बेचेलाल, कमल तिवारी, मोहित दीक्षित, प्रवीन रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कोहरा और सर्द हवाएं चलने से दिनभर ठिठुरे लोग, धूप से मिली राहत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



रविवार सुबह से सर्दी ने इस कदर सितम ढाया कि हर कोई कंपकंपा गया। पूरे दिन शीतलहर चलने के कारण हर कोई ठिठुर गया। सर्दी बढ़ने से लोगों के पास कम पैसे होने के बावजूद ऊनी कपड़ों की दुकानों में भारी भीड़ देखी गई। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव तापते लोग देखे गये। वहीं सुबह के समय कोहरा अधिक होने के कारण ट्रेनें हॉर्न बजाकर गुजरी।

शनिवार रात से अचानक गलन और सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई। सर्दी में बर्फीली हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। हर कोई गर्म कपड़े से लिपटा दिखाई पड़ा। वहीं धूप तो निकली लेकिन वह बेअसर रही। गलन बराबर जारी रही। शाम चार बजे से और ठंड बढ़ गई। हर कोई ठिठुरता नजर आया। शाम पांच बजे मानो अंधेरा सा छा गया गलन भी बढ़ गई। लोग अपने काम निपटा कर जल्द घर की ओर भागते दिखे। सुबह के समय अधिक सर्दी होने के कारण बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। वहीं कोहरे की धुंध होने के कारण कुछ बाइक सवार अपने लाइटों में पीली पन्नी लगाकर गंतव्य को रवाना हुये। वहीं पालिका की ओर से कुछ स्थानों पर अलाव जलाये गये। जहां लोग सुबह से शाम तक अलाव की आग तापते दिखाई पड़े।

## भूमि विवाद में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। अजमत नगर गांव निवासी भगौता पत्नी मन्ना ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पड़ोसी देवकी से भूमि विवाद चल रहा है। रविवार को देवकी उसे देखकर गाली-गलौज कर रही थी विरोध किया तो देवकी, पुत्री आपा और बहू के साथ मिलकर मारपीट की जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तीन महिलाओं के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# शकील मंसूरी को सपा जिला सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल की सहमति पर पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव ने शकील मंसूरी को समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर मनोनीत किया शकील मंसूरी के जिला सचिव पद पर मनोनीत होने पर जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई क्योंकि समाजवादी पार्टी से शकील मंसूरी का नाता पिछले 25 वर्षों से जुड़ा हुआ वह समाजवादी पार्टी में विभिन्न पदों पर रहकर काम करते रहे श्री शकील मंसूरी को जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव जी ने नियुक्ति पत्र सौंप कर बधाई दी बधाई देने वालों में पार्टी के जिला महासचिव अरशद खान जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रज्जु खान यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान जिला अध्यक्ष फहीम अहमद अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव श्री गोविंद चौहान रेहान अहमद सदर विधानसभा अध्यक्ष कल चौधरी जिला कार्यकारिणी सदस्य संदीप शुक्ला देवता यादव सहित तमाम नेता कार्यकर्ताओं ने शकील मंसूरी को फूल माला पहनाकर बधाई दी। श्री शकील मंसूरी जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव जी का मनोनयन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नवागत पुलिस अधिकारियों ने विदाई कराने में निभाई सक्रिय भूमिका

**20 युगलों को विदा करने में मिली सफलता**

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में पॉलिस लाइन सभागार में नवागत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सलाहकारों और विभागीय जनों के साथ सकुशल विदाइयाँ कराने में सक्रिय भूमिका निर्वाह की। दोनो नवागत अधिकारियों ने सभी सलाहकारों का परिचय लेते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही एक दूसरे को बुके व माला भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या व गीतकार डॉ0 शशि रंजना ने नए वर्ष और बेटियों पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं से सबको भावविभोर किया वहीं प्राचार्य व गीतकार डॉ0 एसके पांडेय ने अपनी गजल से सबकी वाहवाही लूटी। सलाहकार व रेडक्रॉस उन्नाव के उपसभापति डॉ0 मनीष सिंह सेंगर ने शेर ओ शायरी और गीत से सबकी सराहना प्राप्त की। संचालन कर रहे परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ आशीष श्रीवास्तव ने विवादित युगलों को प्रस्तुत कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराते हुए विदाई कराई। सलाहकारों राजेन्द्र सिंह सेंगर, राम सनेही यादव, डॉ प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, डॉ सबीहा उमर, अबसार अली खान, डॉ सगीर अहमद खान, सहयोगियों अंकित रघुवंशी, शिवेंद्र चौहान ने परिवार परामर्श केंद्र से 6, महिला थाना से 5, थाना अचलगंज से 3, थाना बांगरमऊ से 2, थाना माखी से 1, थाना दही से 2 जोड़ों की सकुशल विदाई कराई। कुल 20 युगलों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने का संकल्प लिया।

# थाना परिसर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। थाने में तैनात दरोगा अरशद नदीम क्षेत्र में जनता के प्रति एक अलग पहचान बनाई थी। इससे पहले अरसद नदीम ने कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं जो जनता के बीच अच्छी पहचान बनाई थी।

आपको बताते चलें कि अरशद नदीम दरोगा ने शिवगढ़ थाने में तैनाती से लेकर अब तक क्षेत्र में जनता के प्रति अनेक ऐसे कार्य किए हैं जो चारों तरफ उनकी चर्चाएं हो रही हैं हमेशा जनता के प्रति जागरूक व ईमानदारी के साथ जनता के प्रति न्याय किया इससे पहले महराजगंज कोतवाली व रायबरेली जिले के अन्य थानों में तैनाती के दौरान जनता के प्रति मिलनसार रहकर लोगों को न्याय दिलाने का पूर्ण विश्वास दिलाते थे और उसे विश्वास पर खड़े भी उतरते थे।

इसीलिए क्षेत्र की जनता उनके स्वभाव मिलनसार पर बहुत खुश रहती थी बिना किसी डर बिना किसी घबराहट के दरोगा अरशद नदीम से अपना हक व न्याय के लिए आवाज उठाते थे और दरोगा जनता से पूर्ण रूप से वादा करते थे न्याय सही होगा किसी के साथ क्षेत्र में गलत कार्य नहीं किया जाएगा।

विदाई समारोह में क्षेत्र के काफी गणमान्य लोग एवं पत्रकार व कोतवाली पुलिस स्टाफ मौजूद रहा,वही विदाई के समय किसी की आंखों में आंसू आए तो किसी को जाने का गम रहा।

## उल्फा से शांति समझौता

केन्द्र सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े विद्रोही समूहों में से एक गुट की लम्बी लड़ाई अब खत्म हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हेमन्त सरमा और उल्फा के राज खोवा गुट के प्रतिनिधियों ने ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद पूर्वोत्तर भारत में उग्रवादी हिंसा को खत्म करने के लिए लगातार काम किया जाता रहा है। गृहमंत्री अमित शाह लगातार पूर्वोत्तर पर निगरानी बनाए हुए हैं। पूर्वोत्तर में 100 से भी अधिक जातीय समूह हैं और यह समूह अपनी संस्कृति की एक अलग एवं विशिष्ट पहचान कायम रखने के लिए अडिग हैं। प्रत्येक समुदायों में पहचान की एक प्रबल भावना भी है। कई समूहों ने इस विशिष्टता को राजनीतिक और सामाजिक रूप से भी अभिव्यक्त किया जबकि कई समूहों ने विद्रोह का रास्ता अपनाया जिससे इस क्षेत्र में उग्रवाद का जन्म हुआ। अपने हितों की उपेक्षा होते देख हिंसक आंदोलनों का जन्म हुआ। बहुत से विद्रोही समूह सरकार के साथ शांति वार्ताओं में शामिल हुए। जिसके चलते कुछ वर्षों से हिंसक घटनाओं में कमी आई। नागा वार्ता 1997 से चल रही थी लेकिन मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद 2015 में बातचीत सफल हुई और नैशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफनगालैंड (आईएम) और केन्द्र सरकार के मध्य समझौता हुआ। असम ने काफी खून-खराबा देखा है। हमने असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को कई बार आग से जलते देखा है। 1979 का साल था। उस समय असम में बाहरी लोगों को खदेड़ने के लिए एक आंदोलन चरम पर था। इस आंदोलन के पीछे असम का ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन नाम का संगठन था। उसी समय परेश बरुआ ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर 7 अप्रैल, 1979 को उल्फा की शिवसागर में स्थापना की। परेश बरुआ के अन्य साथी राजीव राज कंवर उर्फ अरबिंद राजखोवा, गोलाप बरुआ उर्फअनुप चेतिया, समीरन गोगोई उर्फप्रदीप गोगोई और भद्रेश्वर गोहैन थे। उल्फा की स्थापना का मकसद सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से असम को एक स्वायत्त और संप्रभु राज्य बनाना था। 1986 तक गुपचुप तरीके से उल्फा काम करता रहा। इस बीच इसने काडरों की भर्ती जारी रखी। फिर इसने प्रशिक्षण और हथियार खरीदने के मकसद से म्यांमार काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए) और नैशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफनगालैंड (एनएससीएन) से संपर्क स्थापित किया। इन दोनों संगठनों के संपर्क में आने के बाद उल्फा का खूनी खेल शुरू हुआ। प्रशिक्षण और हथियार खरीदने के लिए पैसे का जुगाड़ करने के लिए उल्फा अपहरण कर वसूली का धंधा शुरू कर दिया। उल्फा लोगों का अपहरण करके उसकी आड़ में वसूली करता था। इसके अलावा चाय बागानों से भी इसने वसूली करना शुरू कर दिया और उल्फा की मांग न मानने की स्थिति में लोगों की हत्या कर दी जाती। उल्फा ने बड़ी संख्या में असम के बाहर से आए लोगों की हत्या की ताकि लोग भयभीत होकर राज्य छोड़कर चले जाएं। इसने असम के तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ जिलों में अपने शिविर स्थापित किए। सरकार से वार्ता करने के मुद्दे पर उल्फा दो गुटों में बंट गया। एक परेश बरुआ गुट बना और दूसरा राज खोवा तथा अनूप चेतिया गुट। 1990 में केन्द्र सरकार ने उल्फा पर प्रतिबंध लगा दिया और इसके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया।

**महाराष्ट्र राज्य की जनसंख्या 11 से 12 करोड़ के बीच है जबकि उत्तरप्रदेश राज्य की जनसंख्या 20 करोड़ के आसपास है। इस दृष्टि से उत्तरप्रदेश राज्य लाभप्रद स्थिति में दिखाई दे रहा है क्योंकि विभिन्न उत्पादों के उपभोग की अधिक गुंजाइश उत्तरप्रदेश राज्य में हैं एवं देश में आज उत्तरप्रदेश राज्य तेजी से विनिर्माण क्षेत्र का हब बनता जा रहा है तथा उत्तरप्रदेश राज्य में धार्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से विकसित हो रहा है। विशेष रूप से अयोध्या, वाराणसी, मथुरा जैसे धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन को भी आकर्षित करता दिखाई दे रहा है। इससे उत्तरप्रदेश राज्य में रोजगार के नए अवसर भी भारी मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। अतः उत्पादों के उपभोग के मामले में उत्तरप्रदेश राज्य के साथ किसी भी अन्य राज्य की प्रतियोगिता हो ही नहीं सकती हैं। आज उत्तरप्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार हेतु अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उत्तरप्रदेश राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित होने लगे हैं।**

# यूपी में बढ़ता धार्मिक पर्यटन आर्थिक विकास को दे रहा गति

प्रहलाद सबनानी



**वित्तीय वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 41,720 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, तमिलनाडु राज्य का आकार 27,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, गुजरात राज्य का आकार 26540 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, उत्तरप्रदेश राज्य का आकार 26,510 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, कर्नाटक राज्य का आकार 26,350 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और पश्चिम बंगाल राज्य का आकार 18,310 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। पिछले कुछ वर्षों से चूंकि उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे तेज बनी हुई है अतः आज उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार भारत में दूसरे स्थान पर आ गया है। उत्तरप्रदेश ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था के आकार को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि, महाराष्ट्र भी अपने राज्य को वर्ष 2028 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहता है। इस दृष्टि से अब उत्तरप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों के बीच इस संदर्भ में आपस में प्रतियोगिता चल रही है।**

भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार को गति देने में कुछ राज्यों का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही के समय में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात एवं राजस्थान जैसे राज्यों की आर्थिक विकास की गति तेज हुई है, जिससे यह राज्य भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने में विशेष योगदान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, एवं कर्नाटक जैसे कुछ अन्य राज्यों का योगदान भी नकारा नहीं जा सकता है, परंतु इन राज्यों के आर्थिक विकास की दर तुलनात्मक रूप से कुछ स्थिर सी रही है अथवा कुछ कम हुई है।

समस्त राज्यों के बीच तमिलनाडु एवं गुजरात राज्यों को पीछे धकेलते हुए उत्तरप्रदेश अब भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। भारतीय अर्थव्यस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत का हो गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार आज 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है। इसमें महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा 15.7 प्रतिशत है। उत्तरप्रदेश राज्य का हिस्सा 9.2 प्रतिशत, तमिलनाडु राज्य का 9.1 प्रतिशत, गुजरात राज्य का 8.2 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल राज्य का 7.5 प्रतिशत है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर पूर्वी राज्यों एवं जम्मू कश्मीर के बाद बिहार का भी काफी कम योगदान अर्थात केवल 3.7 प्रतिशत दिखाई पड़ता है, जबकि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ के आसपास है। बिहार को आर्थिक विकास की दृष्टि से आज भी पिछड़ा राज्य कहा जा रहा है। पूर्व के बीमारु राज्यों की श्रेणी से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्य बाहर आ चुके हैं जबकि बिहार राज्य आज भी इसी श्रेणी में अटका हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 41,720 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, तमिलनाडु राज्य का आकार 27,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, गुजरात राज्य का आकार 26540 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, उत्तरप्रदेश राज्य का आकार 26,510 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, कर्नाटक राज्य का आकार 26,350 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और पश्चिम बंगाल राज्य का आकार 18,310 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। पिछले कुछ वर्षों से चूंकि उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे तेज बनी हुई है अतः आज उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार भारत में दूसरे स्थान पर आ गया है। उत्तरप्रदेश ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था के आकार को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि, महाराष्ट्र भी अपने राज्य को वर्ष 2028 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहता है। इस दृष्टि से अब उत्तरप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों के बीच इस संदर्भ में आपस में प्रतियोगिता चल रही है।

महाराष्ट्र राज्य की जनसंख्या 11 से 12 करोड़ के बीच है जबकि उत्तरप्रदेश राज्य की जनसंख्या 20 करोड़ के आसपास है। इस दृष्टि से उत्तरप्रदेश राज्य लाभप्रद स्थिति में दिखाई दे रहा है क्योंकि विभिन्न उत्पादों के उपभोग की अधिक गुंजाइश उत्तरप्रदेश राज्य में हैं एवं देश में आज उत्तरप्रदेश राज्य तेजी से विनिर्माण क्षेत्र का हब बनता जा रहा है तथा उत्तरप्रदेश राज्य में धार्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से विकसित हो रहा है। विशेष रूप से अयोध्या, वाराणसी, मथुरा जैसे धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन को भी आकर्षित करता दिखाई दे रहा है। इससे उत्तरप्रदेश राज्य में रोजगार के नए अवसर भी भारी मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। अतः उत्पादों के उपभोग के मामले में उत्तरप्रदेश राज्य के साथ किसी भी अन्य राज्य की प्रतियोगिता हो ही नहीं सकती हैं। आज उत्तरप्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार हेतु अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उत्तरप्रदेश राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित होने लगे हैं। उत्तरप्रदेश राज्य में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज राज्य सरकार भी भारी मात्रा में पूंजी निवेश कर रही है।

निर्यात के क्षेत्र में भी उत्तरप्रदेश राज्य नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उत्तरप्रदेश राज्य के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 में उत्तरप्रदेश राज्य से 84,000 करोड़ रुपए की राशि का निर्यात किया गया था जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुगना होकर 174,000 करोड़ रुपए का हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तरप्रदेश राज्य ने 2 लाख करोड़ रुपए की राशि का निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उत्तरप्रदेश राज्य से सबसे अधिक निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कृत्रिम फाइबर, गेहूं, चावल, कपास, कालीन एवं हस्तशिल्प जैसे उत्पाद शामिल हैं।

दूसरे, उत्तरप्रदेश राज्य आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटायल उत्पादन करने वाला राज्य भी बन गया है। राष्ट्रीय उत्पादन में उत्तरप्रदेश राज्य का योगदान बढ़कर 13.24 प्रतिशत हो गया है। उत्तरप्रदेश राज्य में आज 250,000 लाख के आसपास हैंडलूम बुनकर एवं 421,000 पावरलूम बुनकर कार्य कर रहे हैं। चूंकि कपड़ा उद्योग कम पूंजी निवेश के साथ अधिक मानवीय आधारित उद्योग है, अतः इस क्षेत्र में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। साथ ही, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में रक्षा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण कलस्टर एवं लखनऊ उन्नाव कानपुर क्षेत्र में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कलस्टर भी स्थापित किये जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार के प्रोत्साहन भी दिए जा रहे हैं।

विचार

# भारतीय राजनीति में एक नया प्रयोग

**राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं।**

अब भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति में एक नई रीत चला दी है। ऐसे-ऐसे लोग राजनीति में आगे आ रहे हैं जिनके बारे में जानने के लिए मीडिया वालों को गांवों में जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। कौन हैं भजन लाल शर्मा? पिता जी क्या करते हैं? गांव में सडक़ भी है या नहीं? ऐसी कितनी जानकारियां जमा करनी पड़ रही हैं ताकि एक उम्दा सा लेख लिखा जा सके। सम्पादक ने मांगा है तो धुर देहात में जाकर धक्के तो खाने पड़ेंगे। पहला जमाना भला था। फारूक अब्दुल्ला कौन है? गूगल में जाएं और अब्दुल्ला पर दो किताबों की सामग्री मिल जाएगी। लेकिन लगता है अब भारत में राजनीति की नई पारी शुरू हुई है जिसमें राजवंश लडखड़ाने लगे हैं और आम आदमी जमने लगा है।

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत प्राप्त कर ली है। यह अपने आप में अब कोई बड़ी खबर नहीं है। लेकिन बड़ी खबर तब बनी जब पार्टी ने इन तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए गए। कहा जा रहा है कि जब राजनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही तक मुख्यमंत्री पद की सशक्त दावेदार वसुंधरा राजे के हाथ में एक पर्ची देते हुए कहा कि इसे पढ़ कर सुना दो ताकि पर्ची वाले को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया जाए। पर्ची पढ़ते समय शायद वसुंधरा राजे को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भजन लाल शर्मा को पार्टी मुख्यमंत्री बना रही है। उनके चेहरे की रंगत से ऐसा ही आभास होता था।

मुख्यमंत्री बने ये तीनों शख्स मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल भी नहीं थे। इस काम के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वे पीछे की सफों में बैठे दिखाई दे रहे थे। राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री का जिम्मा दिया गया। यह ठीक है कि दीया कुमारी का नाम मीडिया में मुख्यमंत्री के तौर पर चर्चा में रहा था, जिसका एक कारण उनका राज परिवार से ताल्लुक रखना भी था। लेकिन उसे उपमुख्यमंत्री होने का संतोष करना पड़ा। अलबत्ता प्रेम चंद किसी रेस में दूर दूर तक नहीं थे। राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देबड़ा मध्य प्रदेश में उप मुख्यमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री चुने गए। ये सब लोग कौन हैं और इससे भारत की राजनीति में परिवर्तन की दिशा कैसे दिखाई दे रही है? पिछले पचहत्तर साल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर ही देश की राजनीति का अंक पैट्रन विकसित हो गया था।

राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं।

नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री तो बने, लेकिन पूरी कांग्रेस इस अप्रत्याशित घटना से भौंचक्की थी। संकट काल में मनमोहन सिंह को गद्दी पर बिठा कर कामचलाऊ व्यवस्था जरूर कर ली गई थी, लेकिन पूरी पार्टी इस बीच असहज ही रही। राहुल गांधी ने दो कैबिनेट द्वारा पारित एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ कर मनमोहन सिंह की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस में सहज स्थिति तब आई जब राजीव गांधी के दोनों बच्चे बड़े हो गए। तब स्वाभाविक ही उन्होंने गियर सम्भाल लिया। कहा जाता है, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यह सुझाव भी दिया गया था कि राहुल गांधी को मंत्रिपरिषद में लेकर शासन का कुछ अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिए। लेकिन इसे भी राज परिवार में तौहीन की तरह ही देखा गया। वह भविष्य के प्रधानमंत्री हैं, किसी के अधीन मंत्री कैसे बन सकते हैं? भारतीय राजनीति की यह फेहरिस्त केवल नेहरु-गांधी राज परिवार तक ही सीमित नहीं है।

राजनीति की यह आकाश बेल सब जगह दिखाई दे रही है। अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री क्यों बनना चाहिए? इसके उत्तर में अखिलेश की योग्यता या अयोग्यता की चर्चा नहीं होती। केवल एक ही योग्यता यह पद सम्भालने के लिए पर्याप्त है कि वह मुलायम सिंह जी के सुपुत्र हैं। फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के स्थायी मुख्यमंत्री का दावा किस आधार पर ठोंकते हैं? उनका एकमात्र आधार शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के पुत्र-पौत्र होने का है। ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी है कि उनका उत्तराधिकारी उनका भतीजा अभिषेक बनर्जी ही होगा। यही काम मायावती ने सार्वजनिक रूप से किया है।

# श्रीराम मंदिर और कांग्रेस की उलझन

वीरेंद्र कपूर

अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेना है या नहीं भाग लेना है? यही वह सवाल है, जिससे कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को जूझना पड़ रहा है। उत्तर आसान नहीं है। यदि वह भाग लेना चाहता है, तो अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया की गारंटी है और यदि ऐसा नहीं होता है तो बहुसंख्यक समुदाय का एक बड़ा वर्ग इसके खिलाफ होगा। सचमुच, विपक्षी दल की दुविधा को समझना तो आसान है, लेकिन सुलझाना कठिन।वास्तव में, कांग्रेस नेता सोच रहे होंगे कि अगर उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता तो बेहतर होता।

कम से कम तब वे भाजपा पर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक पार्टी कार्यक्रम में बदलने और एक गंभीर धार्मिक अवसर का राजनीतिकरण करने का आरोप लगा सकते थे। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जनवरी को अयोध्या में समारोह के लिए सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को आमंत्रित किया है। हालांकि पार्टी ने अब तक इसमें जाने या न जाने को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। जैसा कि पहले से ही ज्ञात है कि सीपीआई (एम) नेताओं ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि भाजपा एक धार्मिक कार्यक्रम का राजनीतिकरण कर रही है। सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी, जिन्हें दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद प्रमुख द्वारा व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया था, ने मीडिया को बताया कि पार्टी भाजपा द्वारा धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ है। सीपीआई (एम) द्वारा मंदिर के भव्य उद्घाटन में भाग लेने से इनकार करने से पार्टी नेतृत्व के लिए कोई समस्या नहीं पैदा हुई। मार्क्सवादी, जो एक समय में खुले तौर पर धर्म-विरोधी, ईश्वर-विरोधी थे, ने शायद अब अपने प्रतिद्वेष को कम कर दिया है, यह देखते हुए कि कैसे सामान्य भारतीय, गरीब और अमीर, उच्च जाति और निम्न जाति, एक या दूसरे धार्मिक विश्वास के प्रति आस्थावान हैं।

लेकिन कांग्रेस पार्टी अयोध्या में 22 जनवरी के समारोह में भाग लेने पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं ले सकती है, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उनके जन्मस्थान पर भगवान राम के भव्य मंदिर का अभिषेक किया जाएगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों हस्तियां इस मौके पर मौजूद रहेंगी। पूरे समारोह का दूरदर्शन और कई अन्य निजी चौनलों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। यदि सीपीआई (एम) की तरह, कांग्रेस की हिंदी पट्टी में कोई हिस्सेदारी नहीं होती, तो पार्टी आसानी से निमंत्रण को अस्वीकार कर देती और सच्चा धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करती। समस्या यह है कि अगर वह इसमें भाग लेना चुनती है, तो उत्तर भारत में मुस्लिम वोटों के एक बड़े हिस्से के उससे अलग होने का जोखिम है। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो बीजेपी उस पर हिंदू विरोधी होने का ताना मारेगी। हो सकता है कि अंत में पार्टी इस बारे में बिना तमाशा किए दूर रहने का फैसला करे, जिस तरह से सीताराम येचुरी ने अभिषेक समारोह में बुलावे के औपचारिक निमंत्रण को सच्ची इच्छा से अस्वीकार कर दिया। जिससे एक राजनेता की भगवान के प्रति श्रद्धा जग जाहिर हो जाती है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस नेतृत्व पर अल्पसंख्यक समुदाय से दूर रहने का काफी दबाव है, खासकर तब, जब पार्टी उत्तर भारत में मुसलमानों का सामूहिक वोट पाने की इच्छुक है।

केरल में कांग्रेस पार्टी की सहयोगी 'आईयूएमएल' के मुखपत्र ने पार्टी के गैर-प्रतिबद्ध रुख की आलोचना की। कांग्रेस का यह रुख कि पार्टी समारोह में शामिल हो सकती है, केवल उत्तर भारत में हिंदू वोटों की कमी को रोकने के लिए है। यह पार्टी का नरम हिंदुत्व दृष्टिकोण है जिसने पार्टी को वर्तमान स्थिति में पहुंचा दिया है। 'आईयूएमएल' ने खुद कांग्रेस को बीजेपी के जाल में न फंसने की चेतावनी दी है। संयोग से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी आमंत्रित किया गया है, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण उनके अयोध्या के समारोह में शामिल न होने की संभावना है।



# राशिफल

**मेष :** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ :** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन :** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क :** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्या :** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला :** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक :** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु :** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकर :** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**कुंभ :** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# नए संकल्पों वाले वर्ष की शुरूआत

बड़ी उपलब्धियों की यादे देकर बिदा हुए 2023 के साथ ही एक नववर्ष की सुबह हमें एक बार फिर नई उपलब्धियों को हासिल करने तथा देश के विकास के साथ अभाव में पलने वाले अंतिम पायदान तक सुख सुविधाएं पहुचाने का संकल्प जरूरी होगा। आर्थिक और वैश्विक स्तर पर लगातार उपलब्धि दर्ज कराने वाले भारत के समझ वर्तमान में बेरोजगारी और महंगाई बड़ी चुनौती है। ऐसा नही कि इन दो समस्याओं से केवल भारत ही पीडित है। इसके बावजूद अगर संसाधनों का समुचित इस्तेमाल किया जाए तो निश्चित तौर पर इन समस्याओं से काफी हद तक निपटा जा सकता है।



सरकार के साथ साथ अब जनता को भी इन समस्याओं पर विचार करना होगा। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो कार्यकाल में काफी उपलब्धि दर्ज कराई गई है। कई अपवाद भी समाने आए है। इसके बावजूद वर्ष बीतते तक पूरे देश में 2024 में एक बार पुनः प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की वापसी तय मानी जा रही है। बीते वर्ष में आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नए संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं।। राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है।

एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने 'सौ से अधिक पदक' प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ा। वैश्विक उठा पटक और दो देशों के बीच जारी जंग से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच देश की जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 620 अरब डॉलर हो गया है। आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल हम खुद बना रहे हैं। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। यही नही 85 से अधिक देशों को भारत स्वदेशी हथियार, उपकरण, ड्रोन, कलपुर्जे निर्यात कर रहा है। रक्षा उत्पादों में हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। रक्षा उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। बीते वर्ष में देश की आधी आबादी की उपलब्धियॉ भी हमारे लिए गौरव का प्रतीक है।

खेल, राजनीति, विज्ञान, व्यापार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं ने खूब नाम कमायं। सावित्री जिन्दल सबसे धनाढ्य बनी तो अनेक महिलाएं आर्थिक क्षेत्र में नये कीर्तिमान बनाए। इस वर्ष में महिला सशक्तीकरण के लिए सितंबर माह में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उद्घोष हुआ। संसद में केंद्र सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई। जबकि वर्तमान में लोकसभा के कुल 543 सदस्य में महिलाएं 82 हैं। लेकिन भविष्य में इनकी संख्या 181 होगी। इससे सदन ही नही देश और समाज की दिशा बदल जाएगी। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न रोकने तथा न्याय प्रणाली में सुधार के लिए 'भारतीय न्याय संहिता 2023' सहित तीन विधेयक पेश किए। पांच सौ वर्षो के बाद अयोध्या में श्रीराम नये वर्ष के प्रारंभ में टेंट से मंदिर में पहुचने की सुखद अनुभूति और वाराणसी में विश्वनाथ धाम परिसर का लोकार्पण भारत की राजनीतिक सोच को एक नया आयाम का प्रतीक बन रहा है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर किसी उपलब्धि से कम नही है।

उपलब्धियों में बहुत कुछ सामने है जैसे हमने 2023 में चॉद क साउथ पोल पर पहुंचकर एक कीर्तिमान हासिल करने के साथ सबसे तेज 5जी रोल आऊट, बनारस में दुनिया का सबसे बड़ा मेडिटेशन सेन्टर स्वर्वेद महामंदिर और सबसे लम्बी नदी क्रूज एमवी गंगा विलास हमें बीते वर्ष में हासिल हुआ है। बीते 21 जून को इन्टरनेशल योगा डे पर बसे अधिक योगा सेशन का आयोजन, टाटा समूह की एयर इण्डिया द्वारा फ्रांस की एयरबस और अमरीका की विमान कम्पनी से 470 यात्री विभान की डील, डिजीटल पेमेन्ट का आकड़ा 9.50 ट्रिलियन डालर को पार करने के साथ सूरत में विश्व की सबसे बड़ी आफीस बिल्डिग 659,611 वर्गमीटर के दायरे में निर्मित हुई है। अयोध्या राम मंदिर से पूर्व सरयू तट पर 22.50 लाख दीपों का उत्सव भी गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है। जब हम नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। नए साल की पार्टी कर रहे हैं तब हमें अपनी आबादी को भी जरूर जान लेना चाहिए। आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए इसी साल यानि 2023 में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना था।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुमान के मुताबिक भारत की आबादी 142.86 करोड़ को पार कर गई है। यूएन का अनुमान है कि अगले तीन दशकों में भारत की आबादी बढ़ती रहेगी उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू होगी। बीते साल ने दुःख एवं निराशा के दृश्य में हिमाचल प्रदेश की बाढ़, सिलक्यारा सुरंग, बालेश्वर (बालासोर) ट्रेन-दुर्घटना, मणिपुर की हिंसा और उसके दौरान वायरल हुए शर्मनाक वीडियो से जुड़ी निराशाओं को भी भुलाना नहीं चाहिए। गत 13 दिसंबर को संसद भवन हमले की सालगिरह पर शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ लोग अंदर कूद गए और उन्होंने एक कैन से पीले रंग का धुआं छोड़ा। उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सरेआम गोली मारकर हत्या की खबर ने इस साल काफी सुर्खियां बटोरी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सीडीओ आरएन सिंह हुये सेवानिवृत्त, अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

- तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत व डीएम, एडीएम समेत अन्य अधिकारीगणों ने सीडीओ को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अधिवर्षता आयु** पूर्ण होने पर मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह की सेवा सेवानिवृत्त हो गये। उनके सेवा निवृत होने पर रविवार को कलेक्टेऊट के गांधी सभागार में विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने सेवानिवृत्त मुख्य विकास अधिकारी को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी कड़ी में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सीडीओ को उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने शासकीय सेवा में अपनी लंबी पारी आज पूरी की है और जीवन के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं। कार्य के प्रति तत्पर रहने के कारण उनकी पहचान कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में रही है। उनका शासकीय सेवा में अच्छा अनुभव रहा है। वे किसी भी समस्या का सकारात्मक ढंग से समाधान करने में सक्षम रहे हैं। उन्होने सीडीओ को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जनपद को शानदार सेवा दी हैं। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि विदाई देना दुखदाई होता है। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन किया है। सरकारी सेवा को सफ्लतापूर्वक करना कितना कठिन है। मुख्य विकास अधिकारी ने इस जनपद के लिए जो परिश्रम किया है, उससे इस जनपद का गौरव बढ़ा है। वे सरकारी योजनाओं को जिले में लागू करने में सफ्ल रहे हैं। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आपके जीवन का यह नया चरण खुशियों, स्वास्थ्य और रोमांच से भरा हो। सेवा निवृत हुए मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने कहा कि विकास के कार्यो को करना बहुत ही चुनौतीपूर्ण था, एक अच्छी टीम के सहयोग से जनपद मे विकास के चुनौतीपूर्ण कार्यो को पूर्ण किया। इसमे पूरा श्रेय टीम का है, तथा निरन्तर इसी तरह से कार्य करने के लिए बधाई एंव शुभकामनाए। इस मौके अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, जॉइन्ट मजिस्ट्रेट पवन मीणा, संयुक्त विकास आयुक्त एनबी सविता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत समस्त उपजिलाधिकारी, उप निदेशक कृषि इटावा आरएन सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# निरीक्षक एवं उप निरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

- पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित हुआ विदाई समारोह, एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर दी विदाई

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**रविवार को** अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके सेवा निवृत चार पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए फूलमाला पहनाकर एवं शॉल भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित हुए विदाई समारोह में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके निरीक्षक भगवती प्रसाद मिश्र, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार त्यागी व हेड कांस्टेबल विमल कुमार और हेड कांस्टेबल लक्ष्मी शंकर का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। वहीं एसपी अमित कुमार आनन्द ने सेवा निवृत पुलिसकर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य कर विभाग को सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होने सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरन अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवा निवृत पुलिसकर्मियों को उपहार भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## खेल के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्री प्राइमरी स्तर की प्रदान की जाएगी शिक्षा



**ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में चल रहे प्री प्राइमरी शिक्षा को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमता संवर्धन से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उक्त प्रशिक्षण ब्लॉक संदर्भदाता शांमभवी मिश्रा, राजेश कुमार, अनीता राठौर, गीता चतुर्वेदी ने प्रदान किया। जिला संदर्भदाता अबधनारायण ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अब आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्री प्राइमरी स्तर तक की शिक्षा खेल खेल में व रुचिकर परिवेश में प्रदान की जाएगी। जिसके लिए आंगनवाणी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन हेतु 52 सप्ताह की गतिविधि आधारित मैन्युअल कैलेंडर निर्देशिका को लेकर के जनपद के समस्त विकास खंडों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अनुसार अब आंगनबाड़ी सेंटरों पर 3 से 6 आयु वर्ग वाले नामकित समस्त बच्चो को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां भाषा व गणित विषय में रुचिकर तरीके से प्री प्राइमरी स्तर की शिक्षा प्रदान करेगी। इसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयो में संचालित 578 कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को सम्मलित किया गया है।

## इन्दरगढ़ पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को इन्दरगढ़ पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफविधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। इन्दरगढ थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह व उप निरीक्षक बृजेश यादव ने पुलिस टीम के साथ घेराबन्दी कर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त रामू पुत्र लालाराम निवासी ग्राम जगतापुर को धर दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त अभियुक्त गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था, पुलिस टीम इसकी गिरफ्तारी हेतु सुरागरसी में लगी हुई थी। रविवार को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# नववर्ष पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

- नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति नागरिकों किया आश्वस्त

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**नव वर्ष** की पूर्व संध्या पर कन्नौज में बड़े स्तर पर न्यू ईयर पार्टियों का आयोजन होता है। इसे लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। गौरतलब है कि कई बार यह देखने को मिलता है कि लोग सड़कों पर जश्न मनाते हुए हुड़दंग मचाते हैं। जनपद पुलिस ने इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के सभी पुख्ता इंतजाम किये हैं। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रमों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने कोतवाली क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर महत्वपूर्ण एवं सार्वजनिक स्थानों व तिराहे-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे चेक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं आमजन व दुकानदारों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वत किया। एसपी ने थाना प्रभारी को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजनों को लेकर एसपी के निर्देश पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए कई स्तर की व्यवस्था की गई है। शहर में कई ऐसे पॉइंट्स को चिह्नित किया गया है, जहां पर पुलिस विशेष निगरानी रखेगी। साथ ही कोई व्यक्ति कहीं शराब पीकर गाड़ी तो नहीं चला रहा है। नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल नए साल की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में ऐसे बाजारों को चिह्नित कर वहां महिला कॉन्सटेबल की ड्यूटी लगाई गई। वहीं चिन्हित स्थानो पर पुरुष व महिला सिपाहियों को तैनात किया गया है।

# जलालाबाद में अक्षत कलश यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** अयोध्या से पूजित होकर आए पीले अक्षत का गांव गांव में जोरदार स्वागत हो रहा है। कस्वा जलालाबाद में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक की अगुवाई में अक्षत कलश यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा के स्वागत में लोगों ने अयोध्या से निमंत्रण के रूप आए अक्षत को स्वीकार किया। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक ने कहा कि जीवन में बहुत निमंत्रण मिले होंगे लेकिन जीवन को धन्य करने वाला निमंत्रण पहली बार मिला है। जो भी राम कार्य में कण मात्र भी अपनी भूमिका निभाता है। वह गिलहरी की भांति सदा सवर्दा के लिए राम का प्यारा हो जाता है। उनके अनुसार अयोध्या में बनने वाला राम मंदिर संकल्प से सिद्धि तक का दुनिया में शंखनाद है। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को जनपदवासियों से दीपावली मनाने का आग्रह किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को नि:शुल्क दी गयी दवाईयां



पीएचसी अनौगी में दवा लिखते डॉ माजिद अली — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें निशुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 22, जलालाबाद में डॉ इफ्फाक हुसैन ने 37, अनौगी में डॉ माजिद अली ने 35 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 16 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सकों के मुताबिक बुखार, जुखाम, खांसी मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सों ने मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान फार्मासिस्ट ओमकार, नवीन सचान, सीमा सचान, वार्ड बॉय रवि कुमार, सहित समस्त स्टाफ रहा।

# पूजित अक्षत कलश यात्रा का नगर में हुआ भव्य स्वागत

- श्रीराम मंदिर में स्थापित किया गया अक्षत कलश
- नगर में पुष्पवर्षा कर जगह-जगह हुआ स्वागत

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



नगर में कलश यात्रा के दौरान मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**श्रीराम की** प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूजित अक्षत कलश की यात्रा कन्नौज से गुरसहायगंज पहुंची। जहां एक कलश को नगर के श्रीराम मंदिर में स्थापित किया गया। जबकि अन्य कलश की भव्य शोभायात्रा को नगर में भ्रमण कराया गया। जिसका भाजपा नेताओं सहित हिंदू संगठनों व स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। रविवार को आरएसएस जिलाध्यक्ष अंकित, सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, विनय वर्मा पूजित अक्षत कलश को लेकर नगर पहुंचे। नगर के पूर्वी क्रॉसिंग पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, विजय दुबे, दिलीप गुप्ता, विकास गुप्ता, सागर अग्रवाल, ध्रुव गुप्ता ने फूलमालाओं से यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद अक्षत कलश को नगर के श्रीराम मंदिर में स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। अक्षत कलश यात्रा को नगर के जीटी रोड से होती हुई छिबरामऊ रवाना हो गई। स्थानीय लोगों ने घरों से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान राजीव ठाकुर, संजय तिवारी, दीपू शर्मा, आंचल गुप्ता, शिवा गुप्ता, मानव गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, चंदन गुप्ता उर्फ ढपाली, अमन कठेरिया, मोनू गुप्ता, सबलू गुप्ता, दीपू गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पक्की सड़क की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

- दर्जा दिया गया था जिसके कारण बंबा के किनारे पटरी पर बनी पक्की सड़क नहर विभाग के चौड़ी कारण में ध्वस्त हो गई थी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**2016 में** बेवर से जलालाबाद बंबा को मिनी नहर का दर्जा दिया गया था जिसके कारण बंबा के किनारे पटरी पर बनी पक्की सड़क नहर विभाग के चौड़ी कारण में ध्वस्त हो गई थी जिसको लेकर लोग करते रहे सड़क का इंतजार 2023 तक लोग सड़क का करते रहे इंतजार। छिबरामऊ बिशनगढ़ मार्ग से नगला लक्ष्मण शंकरपुर लोकपुर तक अभी पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराया गया इस सड़क पर प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है जिसमें पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने छात्र बरसात के दिनों में कई बार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं कई बार अध्यापक भी गिर चुकी है गर्मियों के मौसम में धूल का सामना झेलना पड़ता है जिसको लेकर कई बार सांसद व विधायक को प्रार्थना पत्र जनता ने दिया लेकिन यादवों के गांव होने के कारण इसलिए इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया इस सड़क को लेकर आज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर 2023 का आखिरी दिन तक देख इंतजार हो सकता अभी आ जाए इस सड़क के निर्माण को लेकर कोई सूचना ग्रामीणों का कहना है सपा नेता दलगजन सिंह यादव का कहना है 2024 में यदि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी कन्नौज से बनेंगे सांसद तभी इस सड़क का निर्माण होगा बीजेपी के सांसद इस सड़क को कभी नहीं बनवा पाएंगे यह जनता का कहना है शिवम जितेंद्र सुमित राणा अनुराग दिनेश मोंटी पंकज आदि युवा साथियों ने किया विरोध प्रदर्शन।

# हिस्ट्रीशीटर व उसका नाबालिक बेटा भेजा गया जेल

- हिस्ट्रीशीटर अस्पताल से किया गया डिस्चार्ज

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**हिस्ट्रीशीटरसीटर** मुन्ना यादव जिसे पुलिस मुठभेड़ और सिपाही सचिन राठी हत्याकांड पर सवाल उठाए हैं सिपाही हत्याकांड के आरोपी हिस्ट्रीशीटर मुन्ना यादव को शनिवार देर रात अनौगी जेल भेज दिया गया वही उसके नाबालिक बेटे को फर्रुखाबाद के बाल सुधार गृह भेज दिया गया हिस्ट्रीशीटर मुन्ना का एक वीडियो सामने आया इसमें वह कह रहा है पुलिस की सच्चाई देख लो अंधेरे में लेकर जा रहे हैं भगोड़ा दिखाकर गोली मार देंगे अगर हत्याकांड की सच्चाई जाननी है तो सीसीटीवी देख लो हकीकत पता चल जाएगी किसने और कैसे गोली मारी उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से न्याय की गुहार लगाई मैं 22 साल से कोई लड़ाई नहीं की थी दरअसल 26 दिसंबर की शाम विशुनगढ़ थाने की पुलिस क्षेत्र के धरनी धरपुर नगरिया गांव में हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव को पकड़ने गई थी यहां पुलिस टीम पर हिस्ट्री सीटर और उसके नाबालिक बेटे ने फायरिंग कर दी थी इस दौरान थाने के सिपाही सचिन राठी की गोली लगने से मौत हो गई थी कुछ देर बाद ही पुलिस ने मुन्ना यादव और उसके बेटे के पैर में गोली मार कर दोनों को पकड़ लिया था घायल अवस्था में बाप बेटे को तिर्वा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था तब से पुलिस कस्टडी में दोनों का इलाज चल रहा था। देर रात 9=15 बजे किया गया था डिस्चार्ज अस्पताल से शनिवार रात 9=15 बजे मुन्ना और बेटे को तिर्वा से मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज किया गया करीब 10=00 बजे पुलिस टीम अस्पताल पहुंची यहां से दोनों को लेकर जेल जा रही थी जैसे ही पुलिस से हॉस्पिटल के बाहर लाई वहां पर मौजूद लोग उसका वीडियो बना रहे थे यह देखकर हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव चिल्लाकर मदद की गुहार लगाने लगा।

मेरे बाप को चाचा मेरा भाईको मारा गया प्रधानी छीन ली गई हिस्ट्रीशीटर ने कहा मुझे भगोड़ा दिखाकर गोली मार दी जाएगी जबकि हम न्याय पाने के लिए 22 साल से एक ही जगह पर बैठे रहे हमारे बाप को मारा गया चाचा को मारा गया हमारे भाई को मारा गया हमसे चार बार की प्रधानी छीन ली गई इसीलिए हमने पहले लड़ाइयां लड़ी थी। 22 साल से हम न्याय किया आपने बैठे थे लेकिन न्याय नहीं मिला योगी जी आप न्याय करिए हम 300 बीघा के काश्तकार हैं हमें भले ही चौराहे पर ले जाकर गोली मार दी जाए लेकिन इस तरह का दुर्व्यवहार न किया जाए। हिस्ट्री सीटर ने कहा कि 26 दिसंबर जब पुलिस मेरे घर गई थी उसे वक्त घर के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चल रहे थे मेरे गेट पर दो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं थे इसके बाद जब पड़ताल कराई गई तो हिस्ट्री सीटर के घर के बाहर कैमरों की जगह सिर्फ उनके टूटे हुए पार्ट कैमरे कहां गए और उन्हें किसने तोड़ा।

# शिकागो सेक्स रैकेट के बाद पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता

- युवती सहित चार गिरफ्तार, आपत्तिजनक सामग्री बरामद
- चिकित्सक के मकान के अंदर चल रहा था अड्डा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

**शिकागो पिज्जा** सेक्स रैकेट के बाद चिकित्सक के मकान के अंदर चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने पर्दाफाश कर युवती सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया और तलाशी के दौरान नगदी व आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस की अब तक की देह व्यापार के मामले में यह दूसरी बड़ी कार्यवाही है।

क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह ने सूचना के आधार पर एक टीम गठित की। जिसमें कोतवाली फतेहगढ़ प्र0नि0 हरिश्याम सिंह, उ0नि0 मो0 सरताज, का0 सुनील खोंखर, का0 परमवीर सिंह, का0 सद्दाम हुसैन, का0 प्रहलाद, म0हे0का0 ऊषा देवी को शामिल किया। इसका नेतृत्व खुद क्षेत्राधिकारी ने अपने हाथों में लिया। मोहल्ला नगलादीना गुजराती वाली गली भोलेपुर में एक चिकित्सक के मकान के एक हिस्से में अनैतिक देह व्यापार का कारोबार चल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मुकेश कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार जाटव निवासी भूसामण्डी, उमंग गुप्ता उर्फ कृष्णा गुप्ता पुत्र अमित कुमार गुप्ता निवासी राजेपुर, संदीप कुमार चतुर्वेदी पुत्र रामगोपाल चतुर्वेदी निवासी ग्राम कंदरापुर थाना कमालगंज व युवती निवासी ग्राम अमानाबाद थाना कमालगंज बताया। मौके से देह व्यापार से सम्बन्धित साम्रगी बरामद हुई। अभियुक्तगण की जामा तलाशी से 9200 रूपये व 02 अदद मोबाइल व 01 अदद मो0सा0 नं0 यूपी 76 आर4428 होन्डा ड्रीम बरामद हुई। अभियुक्तगण उपरोक्त उक्त घर में युवक व युवतियो को वेश्यावृत्ति के लिये उत्प्रेरित कर धनपोर्जन करता था तथा आर्थिक लाभ कमाता था। आरोपियों पर धारा 3/4/5/6 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि0 1956 पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जिस जगह यह अड्डा चल रहा था, वह जगह किराये पर ले रखी है। इसका मुख्य सरगना कौन है, जांच चल रही है। अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी जल्द होने की संभावना है।

### देह व्यापार कराने वाली महिला के भाई की हो चुकी है हत्या

**फर्रुखाबाद।** देह व्यापार का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई मामले ऐसे आये, लेकिन शिकागो पिज्जा रेस्टोरेंट देह व्यापार के संचालित अड्डे का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस के लिए यह देह व्यापार के मामले में दूसरी कार्यवाही है। बीते माह कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी कर्नलगंज के चंद कदमों की दूरी पर लम्बे समय से देह व्यापार के चल रहे अड्डे की दूर दूर तक चर्चा थी। युवती के साथ रात गुजारने आये युवक ने ही देह व्यापार के संचालिका पर जानलेवा हमला किया। जब उसका भाई बचाने आया तो उसे चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया था और फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने कुछ ही घंटों के अंदर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन उसके बावजूद भी देह व्यापार का अड्डा चलाने वालों में पुलिस का भय दिखायी नहीं दे रहा है।

### दलाल मुकेश युवती को 500 से लेकर 1000 रुपये देता था

**फर्रुखाबाद।** जिले भर में बड़े पैमाने पर देह व्यापार का धंधा हो रहा है। इस गैर कानूनी धंधे में कुछ युवतियां मजबूरी में तो कुछ अधिक पैसा कमाने के लालच में कर रही है। नगला दीना गुजराती वाली गली में एक मकान से पकड़ी गयी युवती ने बताया कि वह बहुत गरीब है उसका पति शराबी है। घर चलाने के लिए मजबूर होकर मुझे यह करना पड़ रहा है। मुझे भूसा मण्डी निवासी मुकेश इस काम में लाया। पहले वह भूसा मण्डी वाले अड्डे पर लाता था। कुछ दिनों से वह गुजराती वाली गली में मुझे लाने लगा। इस काम में 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक मिल जाते है। कभी-कभी तो 200 रुपये में ही काम चलाना पड़ता है। मैं यह सब करना नहीं चाहती, लेकिन परिवार को चलाने के लिए मजबूरी में कर रही हूँ।

# सोना जानकीपुर में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



महिलाओं की गोद भराई करते कमल भारद्वाज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सोना जानकीपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन विकसित भारत से जुड़कर सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। इसमें सभी वर्गों का भविष्य सुरक्षित है। इसीलिए आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा सरकार में महिलायें स्वछंद घूम सकती हैं। गुंडे व माफिया अंडरग्राउंड हो गये हैं। इस दौरान कमल भारद्वाज ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत शमशाबाद, प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह यादव, लेखपाल अश्वनी राजपूत, ग्राम विकास अधिकारी अरुण यादव, मंडल उपाध्यक्ष आदेश राठौर आदि ग्रामवासी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर में निकाली गई कलश यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

- जमकर की गई आतिशबाजी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



कलश यात्रा का स्वागत करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**रविवार को** कमालगंज नगर में पूजित अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जो कि भगवान राम की नगरी अयोध्या धाम से आए हुए अक्षतों को कलश में रखा गया। जिसके बाद में पूजित अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ संत बच्चा महाराज के कर कमलों द्वारा उनका विधिवत पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद में जयश्री राम के नारों के उद्घोष के साथ कलश यात्रा का तपस्वी वाले बाग मंदिर से शुभारंभ किया गया। जो कि पूरे नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई समापन रामलीला स्थान फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज के पास में किया गया। जिसमें बताया गया की 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय सभी लोग अपने घरों में दीपक जलाएं तथा मुख्य द्वार पर वंदनवारी बनवाएं तथा सभी लोग उस दिन भगवान श्री राम के जयकारों के साथ भगवान राम का पूजन भी करें। वहीं 2 जनवरी से अयोध्या धाम से आए हुए अक्षतों को पूरे नगर के घरों में वितरित किया जाएगा। जिसके साथ भगवान राम का पूजन किया जाएगा। यात्रा के संयोजक आशुतोष मिश्रा तथा सह संयोजक नितेश कुमार महेश्वरी ने यात्रा का संचालन किया। इस मौके पर संत बच्चा बाबा महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें संघ के जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, आरएसएस से सौदान सिंह, श्याम बहादुर तथा, महंत आशुतोष उर्फ बाबुआ बाजपेई, गोपाल पालीवाल, प्रभाशंकर औदिच्य एडवोकेट, भाजपा नेत्री हिना औदिच्य, अक्षत कलश के पुजारी राजू पंडित, प्रधान धर्मेंद्र सिंह सहित यात्रा में नगर के तथा गांव से आए हुए प्रधानगण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक चालक द्वारा ई-रिक्शा में टक्कर मार देने से पलट गई। जिसमें बैठी दो सवारी दबकर घायल हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना कादरी गेट के सोता बहादुरपुर निवासी तशब्बर पुत्र नजीर ने पुलिस को दी तहरी में दर्शाया कि उसकी पत्नी शमीम व उसके साढ़ू की बहू रोशनी पत्नी अबुलेश 29 दिसंबर को दोपहर के समय सोता बहादुरपुर से ई-रिक्शा में बैठकर दवा लेने जा रही थी। ई-रिक्शा को शकील पुत्र मुन्नू बाबू निवासी सौदा बहादुरपुर चल रहा था, तभी राजपूत कैंटीन के सामने अचानक तेज गति से आ रही बाइक संख्या यूपी 14 ईके 0769 जिसे अजय सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी बमिया पखना मोहम्मदाबाद हाल निवासी न्यू-दुर्गा कॉलोनी कोतवाली फतेहगढ़ चल रहा था ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें दबकर मेरी पत्नी व मेरे साढ़ू की बहू घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से मोटरसाइकिल चालक भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## प्लास्टर करने के दौरान पाड़ टूटने से राजमिस्त्री समेत आधा दर्जन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र के** नगर के जटवारा में दो मन्जिला मकान पर पाड़ बांधकर कर मजदूर व मिस्त्री प्लास्टर कर रहे थे। उसी दौरान बल्लियों की पाड़ टूट गई। जिस पर काम कर रहे राज मिस्त्री शकिव उम्र 30 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र निवासी चिलौली पठान, शाकिर उम्र 40 वर्षीय पुत्र मुन्ना निवासी चिलौली पठान, मजदूर प्यारे उम्र 35 वर्षीय पुत्र बाबूराम निवासी चिलौली पठान, जितेन्द्र उम्र 40 वर्षीय पुत्र कामता प्रसाद, राजकुमार उम्र 40 वर्षीय पुत्र बृजलाल निवासी प्रेम नगर, राजीव उम्र 40 वर्षीय पुत्र हरीशंकर निवासी उलियापुर थाना कायमगंज गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शाकिर व शाकिव को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।































# जनपद में 1505 बूथों पर सुना गया प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रविवार को** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनपद के 1505 बूथों पर सुना।

सदर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम एवं पूर्वी मंडलों में भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ बैठककर सुना गया।

भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मीरा सिंह के आवास पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। जिलायक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि जनपद के 1505 बूथ पर इस वर्ष का अंतिम संस्करण का प्रसारण सभी कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा मिलती है वह सभी मुद्दों पर आम जनमानस से सीधा संवाद करते हैं। जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, रोहित शर्मा, विक्रांत तिवारी, अमन अवस्थी, सिद्धांत सिंह आदि लोग मौजूद है। नगर पश्चिम मंडल के शक्ति केंद्र दिल्ली ख्याली में बूथ संख्या 215 शक्ति केंद्र संयोजक रामकिशन दीक्षित के आवास पर मंडल अध्यक्ष विकास पांडे एवं पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। पश्चिम मंडल के शक्ति केंद्र दिलावर जंग के बूथ संख्या 258 पूर्व सभासद पुरुषोत्तम वर्मा के आवास पर शिवांग रस्तोगी ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर एवं विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी ने अपने आवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। अमृतपुर विधानसभा के नीम करोली मंडल के शक्ति केंद्र सिठऊपुर कुर्मी में विधायक सुशील शाक्य ने मां की बात कार्यक्रम को सुना।



प्रधानमंत्री की मन की बात सुनते भाजपा नेता — समृद्धि न्यूज

# पुण्यतिथि पर सपाइयों ने लोकबंधु राज नारायण को किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** कार्यालय आवास विकास स्थित लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर ने कहा कि जिस प्रकार लोकबंधु राज नारायण एक मात्र ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने बीते समय की कांग्रेस सरकार का सामना करते हुए इंदिरा गांधी को हराया था। जब पूरे देश में कांग्रेस की तूती बोलती थी, उसके बावजूद वह कांग्रेस के सामने डटकर खड़े रहे। वर्तमान समय में भाजपा सरकार की तानाशाही के आगे समाजवादी पार्टी भी लोकबंधु के विचारों को आगे बढ़ाते हुए डटकर मुकाबला कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कड़ी चुनौती देगी। इस अवसर पर राजपाल यादव, समीर मिर्जा, कामेश कटियार, अनिल यादव, अभिषेक गिहार, बंटी यादव, विशाल यादव आदि मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर सभी जनपदों में मनाई गई है।



लोकबंधु राज नारायण को पुष्प अर्पित करते सपाई

## खबरें एक नजर में

### छज्जा गिरने से दो बच्चे घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** छज्जा गिरने से दो बच्चे घायल हो गये। परिजनों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी चंदन पुत्र सार्थक उर्फ बाबू उम्र लगभग 5 वर्ष रविवार को सुबह 7.00 बजे लगभग मोहल्ले में दुकान से चाय नाश्ते का सामान लेने के लिए जा रहा था, तभी सामने वाले स्वर्गीय लल्लू पंडित के बंद पड़े मकान पर बंदर भाग दौड़ रहे थे। उसी समय मकान का छज्जा गिर गया। जिसके कारण सार्थक का पैर टूट गया तथा वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। वहीं पास में खड़े सार्थक के बाबा विनोद कुमार भी घायल हो गये। चीख पुकार मचने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मोहल्ले के लोगों के द्वारा उन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घायल के परिवारीजनों ने मकान मालिक के लड़कों के ऊपर आरोप लगाया है कि जब छज्जा हिल रहा था तब भी हम लोगों ने शिकायत की थी कि यहां गली है कोई ना कोई गली से निकलता रहता है। जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है, लेकिन इन लोगों ने सुनवाई नहीं की।



अस्पताल में भर्ती घायल चंदन

### भगवान भरोसे आरोग्य मेला, कहीं डॉक्टर, तो कही एलटी नदारद

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में काफी दिनों से डॉक्टर नही आते और ना आज कोई जांच करने के लिए एलटी ही मौजूद रहा। फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत ने मरीज देखे और दवा दी। इस दौरान करीब 30 मरीज बिना जांच करवाये ही वापस लौट गये। वहीं पसियापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 मरीज पहुंचे। जहां डॉक्टर रूपेश ने मरीज देखे, लेकिन कोई एलटी मौजूद नहीं था। यहां भी बिना जांच के कई मरीज वापस लौट गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोशनाबाद में डॉक्टर स्मिता त्रिपाठी ने 40 मरीजों को देखा और उन्हें दवा दी, लेकिन कोई एलटी नहीं था। इसलिए किसी की जांच नहीं हो पाई। जांच न होने से मरीजों में मायूसी देखी गयी। मरीजों का कहना था कि सरकार को इससे तो अच्छा आरोग्य मेलो को बंद कर देना चाहिए। जब यहां पर कोई सुविधा नहीं मिलती, तो वह उनको करने से क्या फायदा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संजय कुमार से मेलों में चाक चौबंद व्यवस्था करने की अपील की है।



आरोग्य मेले में मौजूद ग्रामीण

### सूने घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के पूर्व विधायक अमर सिह खटिक के गाँव मे चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी मधुदेवी पत्नी स्वर्गीय वीरेन्द्र कुमार बीते दिनो रिश्तेदारी मे गई थी। सूने पड़े मकान का अचात चोर ताला तोड़कर सामान चोर चुरा ले गये। वही क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी विजेन्द्र तिवारी उर्फ लालू पुत्र सतीश जो कि लम्बे समय से दिल्ली मे रहकर नौकरी करते है। बीती रात्रि अज्ञात चोर उनके दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अन्दर दाखिल हुए और कमरे मे रखे सामान सहित नगदी चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा। वही पुलिस ने कहा कि सर्दी का मौसम है ऐसे सावधान बरतें।



### युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**गुजरात में पत्नी व बच्चों के साथ रहकर कर रहा था नौकरी**



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** गुजरात में नौकरी कर रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर रम्भऊआ निवासी पुष्पेंद्र उर्फ टिंकू पुत्र हरिनंदन गुजरात की एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता था। वह अपनी पत्नी सोनी व दो वर्षीय पुत्र हेमंत के साथ रहकर नौकरी कर रहा था। 29 दिसंबर की रात को जब वह अपनी बाइक से ड्यूटी करने जा रहा था, तभी उसकी बाइक तेज रफ्तार वाहन से टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा कंपनी में सूचित किया गया। कंपनी के मालिक ने परिजनों को सूचना दी व पोस्टमार्टम कराने के बाद रविवार सुबह शव को लेकर गांव लेकर पहुंचे। मृतक का शव गांव में पहुंचते ही परिजनों व गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सोनी बार-बार रोकर बेहोश हो रही थी। मृतक के भाई नरेंद्र व पिता हरिनन्दन का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।

### मेरापुर थाना प्रभारी ने युवक को बंदूक व छह कारतूस सहित दबोचा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की रात्रि मेरापुर थाना क्षेत्र के पखना तिराहे से गांव गुठिना जाने वाले मार्ग पर मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह अपने पुलिस फोर्स के साथ गस्त कर थे कि तभी एक संदिग्ध व्यक्ति बंदूक जैसी वस्तु लिए दिखाई दिया। पुलिस के आवाज लगाने पर वह भागने लगा, तभी पुलिस ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से एक अवैध देशी बंदूक और छह कारतूस बरामद हुए। पुलिस के पूछे जाने पर युवक ने अपना नाम विजय पुत्र रामानंद शर्मा निवासी ग्राम गुठिना थाना मेरापुर बताया। पुलिस युवक विजय को थाने ले गई। युवक के विरुद्ध पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को उसे न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक विजय को न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

### महिला ने गृहकलह के चलते जहरीला पदार्थ खाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर निवासी ज्योती उम्र 28 वर्षीय पत्नी राजेश कुमार ने गृह कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सीएचसी में लाकर भर्ती कराया।

# सेवा समिति द्वारा जरुरतमंदों को वितरित किये गये कम्बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सेवा समिति** फर्रुखाबाद के तत्वाधान में मरहूम मौलाना एजाज अहमद नूरी की याद में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर के मोहल्ला खैराती खां स्थित आगा साहब की दरगाह प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब जरूरतमंद लोगों को कड़कड़ाती सर्दी में कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में शहर पहुंचे अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि जनता की सेवा करना बड़ा पुण्य का काम है। गरीब जरूरतमंद लोगों को सर्दी में कंबल वितरित कर सेवा फर्रुखाबाद उन्हें राहत पहुंचाने का काम कर रही है। डॉ0 रामकृष्ण राजपूत ने फर्रुखाबाद के इतिहास पर विचार व्यक्त किया। नोडल अधिकारी श्रम विभाग सय्यद रिजवान अली ने कहा कि मैं पिछले कई वर्षो से संस्था कम्बल वितरित कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाजसेवा है। फरीयाब खान व मेराजुद्दीन ने कहा समाज की सेवा करना हमारा कर्तवय है हम और हमारी टीम हर साल बढ़-चढ़कर सेवा करते रहेंगे। संस्था द्वारा 350 कम्बल वितरित किये गये।

समाजसेवी अभिषेक सिंह, अनीस अहमद, सगीर अहमद, शुभम तिवारी, शनि कनौजिया, राजा शमशी, सय्यद रिज़वान अली, डा0 रिज़वान, बिलाल शफीकी, महावीर श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर आकिल खां, अनवार पठान, रोहित दीक्षित, फरीद खान, अमन सलमानी, अमन खान, आदिल, मेराजुद्दीन, तालिब मंसूरी, डा0 शकील, डा0 जाफरी, मास्टर सलीम, दिलीप कश्यप, हर्ष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।




कम्बल वितरण के दौरान मौजूद अतिथि व संस्था के लोग — समृद्धि न्यूज

# दीवार बनाने को लेकर चिकित्सक व किराना व्यापारी में विवाद

**पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

दीवार बनाने को लेकर चिकित्सक व किराना व्यापारी में तूं-तूं, में-में होने लगी। देखते ही देखते भीड़ इकट्ठी हो गई। मामला पुलिस के पास जा पहुंचा। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को हिरासत में ले लिया। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर डा0 विशाल अग्रवाल का अस्पताल है और ठीक उसी के सामने उनका पुराना अवास है। उन्हीं के घर के पास व्यापारी सिद्धार्थ राज की भी जगह है। रविवार को वह दीवार बनाकर विशाल अग्रवाल के घर की खिड़की बंद करने का प्रयास कर रहे थे। जब चिकित्सक ने उन्हें रोंकने का प्रयास किया तो लड़ाई झगड़ा पर आमदा हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी सिद्धार्थ राज को पकड़कर कोवताली ले गयी। डा0 विशाल अग्रवाल ने बताया कि जिस खिड़की को यह बंद करना चाहते है उस पर न्यायालय से स्टे चल रहा है। कुछ लोगों के मध्यक्षता करने पर दोनों पक्षों में समझौता होने पर पुलिस ने हिदायत देते हुए व्यापारी सिद्धार्थ राज को छोड़ दिया।



मौके पर मौजूद चिकित्सक व भीड़

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का हुआ पूजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन कर गंगा दीपदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय द्वारा 503वां आयोजन सम्पन्न हुआ। समिति के सदस्यो ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की। समिति के सभी सदस्यों श्रद्धालुओं ने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ मइया गंगा को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। सत्यव्रत पाण्डेय ने बताया कि भगवान पार्थिवेश्वर नाथ के पूजन से हजारों गुना पुण्य लाभ मिलता है।



भगवान पार्थिवेश्वरनाथ की पूजा अर्चना करते भक्तगण

# फिट इंडिया टीचर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**स्व0 ब्रह्मदत्त** स्टेडियम फतेहगढ़ में राजेपुर एवेंजर्स बनाम नवाबगंज इंडियंस के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। नवाबगंज इंडियंस टीम के कप्तान नरेन्द्र राजपूत ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। राजेपुर एवेंजर्स टीम ने पहले बैटिंग करते हुए शुरुआत अच्छी हुई। बाद में बैटिंग करने उतरे अभय गौरव ने ताबड़तोड़ 55 रन की पारी खेली। जिससे राजेपुर एवेंजर्स का स्कोर 16 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। नवाबगंज इंडियंस की तरफसे बोलिंग में अखिलेश यादव ने 27 रन देकर 03 विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी नवाबगंज टीम की शुरुआत अच्छी हुई, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने के कारण नवाबगंज इंडियंस को हार का सामना करना पड़ा। नवाबगंज इंडियंस की तरफ से सबसे ज्यादा रन अखिलेश ने 25 रन बनाए और राजेपुर एवेंजर्स की तरफ से 03 विकेट लिए। जिससे राजेपुर एवेंजर्स ने 09 रन से मैच जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच अभय गौरव रहे। वहीं दूसरा मैच कायमगंज किंग्स 11 बनाम शमसाबाद सुपरस्टार के बीच खेला गया। जिसमें शमसाबाद सुपरस्टार के कप्तान अजीत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और कायमगंज टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। कायमगंज टीम 85 रन बना पायी। कायमगंज टीम के कप्तान अनुराग पाठक ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। जिसके जवाब में शमसाबाद सुपरस्टार की शुरुआत बहुत अच्छी रही। शमसाबाद सुपरस्टार के बल्लेबाज योगेश कुमार ने ताबड़तोड़ 49 रन की पारी खेली और शमसाबाद ने 06 विकेट खोकर इस मैच को जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच योगेश कुमार बने। विमलेश कुमार, गुरमीत सिंह, शिवम, विपिन त्रिवेदी, सुमित, रविखरे आदि लोग उपस्थित रहे।



स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# बे.शि.महा. की कार्यकारिणी में महेशचन्द्र बने निर्विरोध जिला कोषाध्यक्ष

**मानवेन्द्र व अविनाश सिंह उपाध्यक्ष तथा अजीत कुमार संगठन मंत्री, शिवप्रताप बने प्रचार मंत्री**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**रविवार को** अनुसूचित जाति/अनुजनजाति बेसिक शिक्षक महासभा की कार्यकारिणी का गठन/चुनाव स्थान अनिल कुमार सगर के आवास पर सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी हेतु प्रांतीय अध्यक्ष भीष्मपाल सिंह द्वारा अनिल कुमार सगर प्रांतीय आय व्यय निरीक्षक को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। गठन/चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए प्रस्ताव मांगा गया। जिसमें मानवेन्द्र सिंह ने मनोज कुमार के नाम का प्रस्ताव जिलाध्यक्ष पद के लिए दिया गया। सदर में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से सहमति दी। जिला महामंत्री के नाम के लिए अविनाश सिंह द्वारा अशोक कुमार दिवाकर का प्रस्ताव दिया गया। जिसको सदन में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति दी। जिला कोषाध्यक्ष के लिए महेशचन्द्र ने ओमकार सिंह का प्रस्ताव दिया। जिसको बिना किसी विरोध के सदन में लोगों ने निर्विरोध जिला कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष तथा जिला महामंत्री द्वारा मानवेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष, अविनाश सिंह को उपाध्यक्ष तथा अजीत कुमार को संगठन मंत्री व शिवप्रताप सिंह को प्रचार मंत्री मनोनित किया गया तथा सर्वसम्मति व आपसी सहमति से महेश चन्द्र को जिला संरक्षक के रुप में रखा गया। शेष कार्यकारिणी का गठन/चयन जिलाध्यक्ष व जिलामंत्री की सहमति से वाद में कर लिया जायेगा। इस अवसर पर ओमकार, महेशचन्द्र, अशोक कुमार दिवाकर, अनिल कुमार सगर, अजीत कुमार गौतम, मानवेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



नव निर्वाचित पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# उधार दिये रुपये मांगने पर दबंगों ने युवक पर चाकू से किया हमला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उधार दिए रुपए मांगने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत का आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला धोवियन वाली गली बेवर रोड निवासी योगेंद्र पाठक पुत्र स्व0 तुलसीराम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने 26 अक्टूबर को नौ हजार रुपए आशु पुत्र धर्मवीर को दिए थे। उसने कहकर मुझसे लिये थे मुझे जरूरत है दो दिन के लिए दे दो उसके बाद वापस कर देंगे। जब मैंने रुपये मांगे तो उसने रुपए देने से इनकार कर दिया और बोला जब मेरी मर्जी होगी तभी वापस करेंगे। 7 दिसंबर को दोपहर के समय आशू उसका साथी गौरव कटियार पुत्र अमर सिंह निवासी धोबियन वाली गली भोलेपुर, संदीप तिवारी पुत्र की मदनलाल तिवारी निवासी पालीवाल गली व उसके चार अज्ञात साथियों ने दुर्गा मार्केट बेवर रोड के सामने मुझे घर लिया और भद्दी भद्दी गाली दी और कहां की तू रोज रुपए मांगता है तेरे रुपए नहीं दूंगा। तुझे अब इस लायक नहीं रखूंगा और सभी लोग लात घुसो डंडों से मारने लगे व जानलेवा चाकू से हमला किया। मेरे नाक व शरीर में काफी गंभीर चोटें आई। सूचना मैंने पुलिस को दी। पुलिस ने मुझे उपचार के लिए डॉ0 राम मोहन लोहिया अस्पताल में ले जाकर चोटों का परीक्षण करवाया और नाक आंख के एक्सरे के लिए जनपद कन्नौज के लिए रेफर कर दिया। एक्सरे में नाक की हड्डी टूटी पाई गई। पुलिस ने शिकायत का आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का डीएम ने किया समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक चल रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गया।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ स्थित एक डिग्री कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जब व्यक्ति में मूल्य होते हैं तथा जीवन अनुशासित होता है। तब वह मार्ग पर दुर्घटना का शिकार नहीं हो सकता है, क्योंकि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक जीव के प्रति संवेदनशीलता से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि जनपद में नवंबर 2023 तक 181 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई है, जबकि भारतवर्ष के सैन्य बलों को भी पूरे वर्ष में विभिन्न ऑपरेशन में इतनी जनहानि नहीं होती है। अतः अपने रक्त को सड़क पर व्यर्थ न करें इसे देश सेवा के हित में लगाएं। जादूगर गोगा ने अपनी टीम के माध्यम से करतब दिखाते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तार से बताया।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उच्च शिक्षण संस्थाओं में सड़क सुरक्षा के संबंध में जनपद स्तर पर कराई गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में काशीराम राजकीय

**विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित**

महाविद्यालय के छात्र आदित्य रत्न शाक्य को प्रथम, बद्री विशाल पीजी कॉलेज की छात्रा मनाली राठौर को द्वितीय तथा शिवम पांडे को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में काशीराम राजकीय महाविद्यालय के छात्र राज को प्रथम, बद्री विशाल पीजी कॉलेज की छात्रा प्राची यादव को द्वितीय तथा एन0ए0के0पी0 पीजी कॉलेज की छात्रा जाहन्वी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। क्विज प्रतियोगिता में काशीराम राजकीय महाविद्यालय के छात्र सूर्यकांत को प्रथम, आकांक्षा को द्वितीय तथा बद्री विशाल पीजी कॉलेज के छात्र हर्षित शुक्ला को तृतीय विजेता के रूप में सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर विनोद कुमार शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक, थाना कादरी गेट, रजनेश कुमार यातायात प्रभारी तथा अजीत कुमार हेड कांस्टेबिल यातायात पुलिस को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुधीर कुमार कुशवाहा जिला स्काउट मास्टर तथा वैभव सोमवंशी ब्लॉक स्काउट मास्टर मोहम्मदाबाद को विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम करने एवं छात्रों को जागरूक करने के कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जोध कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अलावा जनपद के अन्य विभागों के अधिकारी तथा ट्रक एवं बस यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ छात्र-छात्रायें व मौजूद डीएम तथा यातायात प्रभारी

